हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 250, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 13 मार्च, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## 2.12 करोड़ परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, दिया दिशा-निर्देश



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से आज 2 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है।

शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए। हर घर नल से जल पहुंचाने की यह योजना ईज ऑफ लिविंग के संकल्प को पूरा होने का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह बड़े बदलाव का परिचायक है। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है।

अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आखिरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए। शुद्ध पेयजल केवल प्यास ही नहीं बुझाता, बल्कि अनेक बीमारियों से सुरक्षित भी रखता है। हमें जल के महत्व को समझना होगा। गांव-गांव में लोगों को समझाना होगा। जल संचय के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। जल समितियों को एक्टिव रखें। पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग लें। नुक्कड़ नाटकों/लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढाएं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए आम जन को जागरूक किया जाए। जल जीवन मिशन से 100 प्रतिशत संतृप्त गांवों का-हर एक घर का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए।

गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

### यूपी को 3 नई वंदे भारत की सौगात, एक को विस्तार, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने देश को 10 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है। इनमें पीएम ने लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ और रांची-वाराणसी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वहीं, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का एक्सटेंशन प्रयागराज तक किया गया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज राष्ट्र के विकास को रफ्तार देतीं 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से सहभाग किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पटना-लखनऊ, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी सहित देश के लिए 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कोचराब आश्रम का किया उद्घाटन, कहा- जो देश अपनी विरासत नहीं...



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज जब भारत आजादी के अमृतकाल में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है, आज जब भारत जमीन से अंतरिक्ष भटक नई ऊंचाइयां छू रहा है। आज जब भारत विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तो महात्मा गांधी की ये तपोस्थली हम सभी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सदियों की गुलामी के कारण जो देश हताशा का शिकार हो रहा था, उसमें बापू ने आशा भरी थी, विश्वास भरा था। आज भी उनका विजन हमारे देश को उज्ज्वल भविष्य के लिए एक स्पष्ट दिशा दिखाता है। बापू ने ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा था। हमारी सरकार, गांधी जी के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए गांव-गरीब के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है, आत्मनिर्भर भारत अभियान चला रही है। आज गांव मजबूत हो रहे हैं, ग्राम स्वराज का विजन साकार हो रहा है। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक बार फिर से महिलाएं अहम भूमिका निभा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो देश अपनी विरासत नहीं संजो पाता, वो देश अपना भविष्य भी खो देता है। बापू का ये साबरमती आश्रम, देश की ही नहीं, बल्कि मानवजाति की ऐतिहासिक धरोहर है। आजादी के बाद जो सरकारें रहीं, उनमें देश की ऐसी विरासत को बचाने की न सोच थी और न ही राजनीतिक इच्छाशक्ति थी। एक तो विदेशी दृष्टि से भारत को देखने की आदत थी और दूसरी तुष्टिकरण की मजबूरी थी। जिसकी वजह से भारत की विरासत, हमारी महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती रही। अतिक्रमण, अस्वच्छता, अव्यवस्था आदि ने हमारी विरासतों को घेर लिया था। उन्होंने आगे कहा कि इसी दौरान 'हर घर तिरंगा' पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति का एक बहुत बड़ा सशक्त माध्यम बन गया था। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत करोड़ों देशवासियों ने देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज 12 मार्च की ऐतिहासिक तारीख भी है। आज के ही दिन बापू ने स्वतंत्रता आंदोलन की धारा को बदला और दांडी यात्रा स्वतंत्रता के आंदोलन के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई।आजाद भारत में भी ये तारीख ऐसे ही ऐतिहासिक अवसर के नए युग का सूत्रपात करने की गवाह बन चुकी है। 12 मार्च, 2022 को इसी साबरमती आश्रम से देश ने आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया था। दांडी यात्रा ने आजाद भारत की पुण्यभूमि तय करने में एक अहम भूमिका निभाई थी और अमृत महोत्सव के शुभारंभ ने अमृतकाल में भारत के प्रवेश का श्रीगणेश किया। अमृत महोत्सव ने देश में जन-भागीदारी का वैसा ही वातावरण बनाया, जैसा आजादी से पहले दिखा था। पीएम मोदी ने कहा कि पूज्य बापू के ये साबरमती आश्रम हमेशा से ही एक अप्रतिम ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है।

## 'बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा' : सरमा



गुवाहटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना एनआरसी के आवेदन पर नागरिकता मिलती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। उनका यह बयान सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को लागू करने पर असम में विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद आई है। असम के सीएम ने कहा, "मैं असम का बेटा हूं और अगर एक भी व्यक्ति जिसने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है और उसे नागरिकता मिलती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।" प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद लाखों की संख्या में लोग राज्य में प्रवेश किए थे। उन्होंने कहा, "अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएए को लेकर कुछ भी नया नहीं है अब पोर्टल पर आवेदन का समय आ गया है।" उन्होंने कहा, "अब पोर्टल पर डेटा बताएगा। इसके बाद यह स्पष्ट होगा कि कानून का विरोध करने वालों के लिए यह दावें सही है या नहीं।"

सीएम सरमा ने आगे कहा, "सीएए का समर्थन करने वाले भी असम में है और जो इसका समर्थन नहीं कर रहे हैं, वे भी यहां है। जो भी सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे कोर्ट जा सकते हैं। हमारा उद्देश्य राज्य में शांति बनाए रखना है। मैं सभी से अपील करना चाहता हूं कि वे इस दिशा में आगे बढ़ें।" बता दें कि सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत इस नियम को आसान बनाया गया है। नागरिकता हासिल करने की अवधि को एक से छह साल किया गया है।

## सीएए लागू होने पर ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा- यह अधिकार छीनने का 'खेला' है



कोलकाता। केंद्र सरकार ने सोमवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भाजपा समर्थक जहां सरकार के इस फैसले पर खुशी जता रहे हैं, वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ मुखर हो गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले सीएए लागू करने को बंटवारे की राजनीति करार दिया। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर संदेह जताया है कि यह कानून वैध भी या नहीं। ममता बनर्जी ने कहा, 'केंद्र सरकार ने कल सीएए लागू किया। मुझे संदेह है कि इनके द्वारा लाया गया कानून वैध भी या नहीं। इसे लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टता नहीं है। साल 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदूओं को सूची से हटा दिया गया था। इसकी वजह से कई लोगों ने आत्महत्या कर ली थी।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं पूछती हूं, अगर वे लोग दर्खास्त करेंगे तो क्या उन्हें नागरिकता मिलेगी? उनके बच्चे का भविष्य क्या होगा? उनकी संपत्ति का क्या होगा? इससे आपके सभी अधिकार छीन लिए जाएंगे, आपको अवैध घोषित कर दिया जाएगा। आपके पास कोई अधिकार नहीं बचेगा। यह अधिकार छीनने का खेला है। आपको डिटेंशन कैंप में ले जाया जाएगा। केंद्र सरकार सुन ले मैं बंगाल से किसी को भी जाने नहीं दूंगी।'

## नायब सिंह सैनी होंगे हरियाणा के नए सीएम मनोहर लाल के लोस चुनाव लड़ने की चर्चा



चंडीगढ़। हरियाणा में पांच साल पुराना भाजपा जजपा गठबंधन टूट गया है। मंगलवार को दिन चढ़ते ही प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां शुरू हुईं जो दोपहर होते होते एक सियासी भूचाल में बदल गई। भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद मनोहर लाल ने पूरी कैबिनेट के साथ इस्तीफा दे दिया। नायब सैनी के सीएम बनने के बाद कुरुक्षेत्र में उनके निवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का कहना है कि हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सैनी जमीन से जुड़े नेता हैं। साथ ही ऐसे समाज से आते हैं, जो मेहनत के दम पर आगे बढ़ा है। यह भाजपा में ही संभव है कि पार्टी एक आम कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री बन सकता है। पाठक मंगलवार को लोकसभा चुनाव के चलते रोहतक आए हुए थे। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने को लेकर कहा कि हरियाणा में पूर्व निर्धारित स्क्रिप्ट के आधार पर हरियाणवीयों को जाति के बिभाजन में बांट कर वोट बटोरने की राजनीतिक सर्कस शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल की खट्टर सरकार की नाकामयाबी और नकारापन से बचने के लिए गठबंधन तोड़ने का पूर्व निर्धारित ड्रामा है ये। कहा कि सारे पापों का ठीकरा जजपा पर फोड़ा जा रहा है। कहा कि लोगों को पिछले कुकर्म भुलाने, 10 सालों के पिछली जन विरोधी नीतियों और फैसलों से भटकाने के लिए पाप के टोकरे पर नया लेबल चिपकाया जाएगा। वहीं, जजपा को अलग चुनाव लड़वाया जाएगा ताकी वोट विभाजन की नई बिसात बिछाई जाए। शायद जजपा नेताओं पर मुकदमे भी दर्ज किए जाएं, ताकि सिम्पथी फैक्टर बनाया जा सके। हो सकता है कि जल्द ही बसपा या एक दो और राजनीतिक दलों को भी समझौते के तहत या अकेले मैदान में उतार दिया जाए ताकि विभाजन की राजनीति और तेज हो। विधायक दल का नेता चुने जाने पर नायब सैनी ने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

## सीएए कानून के खिलाफ मुस्लिम लीग ने दायर की याचिका, सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाने की मांग

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सीएए कानून के खिलाफ याचिका दायर की गई है। यह याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तरफ से दायर की गई है, जिसमें कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में नागरिकता संशोधन कानून 2019 के प्रावधानों को देश में लागू करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नागरिकता कानून के तहत कुछ धर्मों के लोगों को ही नागरिकता दी जाएगी, जो संविधान के खिलाफ है। केंद्र सरकार ने सोमवार को ही सीएए कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। गौरतलब है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए को चुनौती देते हुए रिट याचिका भी दायर की थी। आईयूएमएल ने सीएए के खिलाफ दायर अपनी रिट याचिका में अंतरिम आवेदन दिया, जिसमें आईयूएमएल ने तर्क दिया कि किसी कानून की संवैधानिकता तब तक लागू नहीं होगी, जब तक कानून स्पष्ट तौर पर मनमाना हो। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कहा है कि वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन उनका विरोध इसमें मुस्लिम धर्म के लोगों को बाहर रखने को लेकर है। सीएए कानून के तहत भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक तौर पर प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। इस कानून के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई वर्ग के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। सीएए में किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान है। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह कानून उनके साथ भेदभाव करता है, जो देश के संविधान का उल्लंघन है।

## भारत और रूस में 'नॉर्थ सी रूट' को लेकर हुई बातचीत, गेमचेंजर साबित हो सकता है ये समुद्री रास्ता



नई दिल्ली। रूस की सरकारी एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन रोसातोम के सीईओ ने खुलासा किया है कि भारत और रूस के बीच थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन और नॉर्थ सी रूट को संयुक्त रूप से विकसित करने की बात हो रही है। नॉर्थ सी रूट आर्कटिक सागर के पूर्वी और पश्चिमी छोर को जोड़ता है और समुद्र के रास्ते व्यापार के मामले में यह रूट गेमचेंजर साबित हो सकता है। रोसातोम के सीईओ ए ई लिखाचेवा ने ये भी कहा कि भारत और रूस के बीच आने वाले समय में परमाणु तकनीक के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ने की संभावना है और इसमें गैर ऊर्जा और गैर-परमाणु क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा। लिखाचेवा ने बताया कि भारत और रूस के बीच नॉर्दन सी रूट को साथ मिलकर विकसित करने को लेकर भी बातचीत हो रही है। अभी रूसी कंपनी रोसातोम ही इस रूट को विकसित करने का काम कर रही है। इस रूट की मदद से रूस का तेल, कोयला और एलएनजी भारत जल्दी पहुंच सकेगी। साथ ही इस रूट से एशिया की यूरोप से दूरी भी कई हजार किलोमीटर कम हो जाएगी। लिखेचेवा ने बताया कि हम यूरो-एशियन कंटेनर ट्रांजिट प्रोजेक्ट के फ्रेमवर्क पर सहयोग के विकल्प तलाश रहे हैं। अब पश्चिम से पूर्व के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार वेस्ट-ईस्ट ट्रांजिट रूट से होता है। इसकी दूरी 21 हजार किलोमीटर है और इस रूट से एशिया से यूरोप तक सामान भेजने में करीब एक महीने का समय लगता है। नॉर्दन सी रूट के विकसित होने के बाद यह दूरी घटकर 13 हजार किलोमीटर रह जाएगी और सामान भेजने में भी एक महीने के बजाय सिर्फ दो हफ्ते का समय लगेगा। नॉर्दन सी रूट से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और इसका अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। लिखाचेवा ने कहा कि भारत और रूस में परमाणु क्षेत्र में सहयोग की भी काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा केंद्र के निर्माण के दौरान दोनों देशों को साथ मिलकर काम करने का काफी अनुभव मिला। लिखाचेवा ने बीते महीने तमिलनाडु के कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट का दौरा किया था। यह न्यूक्यिलर पावर प्लांट रूस के सहयोग से ही बनाया जा रहा है। लिखाचेवा ने बताया कि भारतीय कंपनियां, रोसातोम द्वारा बांग्लादेश के रूपपुर में बनाए जा रहे परमाणु ऊर्जा प्लांट के निर्माण से भी जुड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच वैज्ञानिक रिसर्च और नियंत्रित थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन के क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। रोसातोम, भारतीय वैज्ञानिकों को रूस में बनाए जा रहे एमबीआईआर मल्टी पर्पज फास्ट न्यूट्रॉन रिसर्च रिएक्टर में रिसर्च की सुविधा देने के लिए भी तैयार है। यह दुनिया का सबसे ताकतवर रिसर्च रिएक्टर होगा और इसमें मेडिकल, अप्लाइड फिजिक्स और नए तत्वों को बनाने जैसे मुद्दों पर रिसर्च होगी। चीन के बाद भारत में सबसे ज्यादा परमाणु ऊर्जा केंद्रों का निर्माण हो रहा है। साल 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में 50 फीसदी की कटौती और 2050 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने में परमाणु ऊर्जा बेहद अहम है।

## प्रदेश में हालात पूरी तरह सामान्य, संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर : डीजीपी

लखनऊ। देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने की घोषणा के बाद से ही यूपी में हाई अलर्ट लागू कर दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं और छुट्टी पर गए पुलिसकर्मियों को वापस बुला लिया गया है। मंगलवार को प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें सीएए लागू होने की जानकारी पहले से ही थी इसलिए हम पहले से ही तैयार थे। इससे जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स जैसे धार्मिक नेता, पीस कमेटी, डिजिटल वालंटियर्स और सिविल डिफेंस के लोगों से लगातार वार्ता चल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सीएए एक ऐसा कानून है जिससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी बल्कि ये नागरिकता देने का कानून है। इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा जो कि हमारे पड़ोसी देशों से धार्मिक कारणों से परेशान होकर यहां आए हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं ने अधिसूचना जारी होने के बाद सकारात्मक टिप्पणी की है और हम लोग ऐहतियात बरत रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 179 कंपनी पीएसी और 100 कंपनी सीएपीएफ तैनात की गई है। लगातार निगरानी की जा रही हैं।



जिलाधिकारी व पुलिस अफसरों की टीम लगातार लोगों से संवाद कर रही है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करेगा और अशांति फैलाने की कोशिश करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी मुख्यालय से फील्ड और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है।

## संपादकीय

# बॉन्ड पर कोर्ट सख्त

पारदर्शी लोकतंत्र में चुनावी चंदे की शुचिता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए स्टेट बैंक को हीलाहवाली के लिये आड़े हाथों लिया। चीफ जस्टिस डी.वाई.चंद्रचूड़ ने बैंक की तरफ से पेश दिग्गज वकील हरीश साल्वे की हर दलील को खारिज किया। बॉन्ड की जानकारी देने के बाबत और वक्त मांगने की दलील को खारिज करते हुए पांच सदस्यीय पीठ की अगुवाई कर रहे जस्टिस चंद्रचूड़ ने एसबीआई को निर्देश दिया कि वह बारह मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड के खरीददारों और लाभान्वित होने वाले राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी पेश करे। साथ ही 15 मार्च तक चुनाव आयोग इस बारे में डिटेल अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। ताकि वास्तविक तस्वीर जनता के सामने उजागर हो सके। उल्लेखनीय है कि गत पंद्रह फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। साथ ही स्टेट बैंक को निर्देश दिया था कि गत छह साल से चल रही इस स्कीम के तहत डोनेशन देने वालों और लाभान्वित होने वालों के नामों की जानकारी चुनाव आयोग को छह मार्च तक उपलब्ध कराए। संवैधानिक बैंच ने बैंक को निर्देश दिये थे कि वह बताए कि किस तारीख को यह बॉन्ड किसने खरीदा और कितने का खरीदा और किस तारीख को किस दल ने इसे भुनाया और यह बॉन्ड कितनी धनराशि का था। दरअसल, इस बाबत बैंक की तरफ से पेश सीनियर वकील हरीश साल्वे की दलील थी कि बैंक ने गोपनीयता के चलते प्रत्येक बॉन्ड के बारे में मैचिंग डाटा नहीं रखा था, फलतः इसके मिलान के लिये तीस जून तक वक्त लग सकता है। वजह है कि दान देने व लेने वाले के डेटा अलग-अलग सर्वर पर रखे गए हैं। कोर्ट ने दो टूक कहा कि बैंक को मिलान करने की जरूरत नहीं है, सीधी जानकारी दी जाए। हमने सिर्फ दानदाता और बॉन्ड भुनाने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी मांगी थी। दरअसल, पांच सदस्यीय खंड पीठ की अगुवाई करने वाले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बैंक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोर्ट को आदेश दिये 26 दिन हो गए हैं, इस समय में डाटा मिलान के लिये बैंक ने क्या काम किया? कोर्ट में आवेदन करने के दौरान छब्बीस दिन के काम का उल्लेख होना चाहिए था। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चंदे की गोपनीयता को असंवैधानिक करार दिया था तथा इस बाबत सारी जानकारी पब्लिक डोमेन में लाने की बात कही थी। दरअसल, इस बाबत जानकारी देने के लिये बैंक द्वारा तीस जून तक समय मांगने पर मामले की पैरवी करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल व प्रशांत भूषण ने इसे न्यायालय की अवमानना कहा था। वहीं चुनाव सुधार के लिये सक्रिय एडीआर ने एसबीआई को और अधिक समय देने की मांग करने वाली याचिका के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। दरअसल, बैंक दलील देता रहा है कि हमें पूरी प्रक्रिया को रिवर्स करने में दिक्कत आ रही है, क्योंकि बैंक को बॉन्ड नंबर पर और बैंकिंग सिस्टम में खरीददारों के नाम न रखने के निर्देश थे। इस बाबत शीर्ष अदालत का कहना था कि बॉन्ड खरीदने वाले को केवाईसी की जानकारी देनी होती थी, अतः बैंक के पास बॉन्ड खरीदने वाले की जानकारी तो होनी चाहिए। दरअसल, विपक्षी दल केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए बैंक पर राजनीतिक दबाव के आरोप लगाते रहे हैं। यही वजह है कि बैंक चुनाव से पहले जानकारी सार्वजनिक करने से बचता रहा है। फिलहाल, कोर्ट के आदेश केंद्र को असहज करने वाले हैं क्योंकि चुनावी बॉन्ड का सबसे ज्यादा लाभ सत्तारूढ़ दल को ही मिला है। बहरहाल, कोर्ट ने दो टूक शब्दों में बैंक से कहा कि उसे कोर्ट का पहले दिया हुआ आदेश मानना ही होगा। कोर्ट ने इस मामले में अवमानना के अपने अधिकार का प्रयोग न करने की बात दोहरायी। दरअसल, कोर्ट का मानना रहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड को गोपनीय रखना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)ए का उल्लंघन है। साथ ही चिंता भी जतायी थी कि गोपनीयता से चंदे के बदले में कुछ अन्य लाभ उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल सकता है।

## फैसले दनादन!



समय बचा है अल्प ।
फैसले दनादन ।।
कदम आगे करके ।
रहे टटोल मन ।।
है लड़ाई आर पार ।
भिड़ गए हैं दल ।।
कौन कितने पानी में ।
आजमाना बल ।।
हो रही ललकार ।
घड़ी है ऐसी आन ।।
पैतरे बदल कर ।
बनने चले महान ।।
और बड़ा बदलाव ।
आगे दिखने वाला ।।
वो विरोध पर हैं अड़े ।
है जिनका दिवाला ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# घातक हो सकता है मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इंकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना कई प्रश्न खड़े करता है।

प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएंगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेले चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं।



बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा ने 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिलीं और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिशत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को 14 सीटें मिलीं और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गईं और 24.67 प्रतिशत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई। 1996 के बाद बसपा का ये सबसे बुरा प्रदर्शन था। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। जिसका बसपा को भरपूर लाभ हुआ और शून्य सीटों वाली बसपा ने दस सीटों पर विजय प्राप्त की। जबकि उसका मत और कम हुआ। इस चुनाव में बसपा को सपा के साथ गठबंधन कर 19.43 प्रतिशत ही मत मिले। विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे। लेकिन अब चुनाव बिल्कुल सिर पर आ चुके हैं और बसपा उम्मीदवारों की घोषणा की बजाए अकेले चुनाव लड़ेंगे का पुराना रिकॉर्ड बजाए जा रही है। जबकि भाजपा, सपा, रालोद और सुभासपा कई सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। बड़ी मशक्कत के बाद बीते 10 मार्च को बसपा ने यूपी की मुरादाबाद सीट से मो. इरफान सैफी को अपना पहला प्रत्याशी घोषित किया है।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते 10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर और लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं।

यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में, कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़ा कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है।

# सुराज्य अभियान की सफलता : अवैध प्रवासी एप बंद करने की परिवहन विभाग द्वारा सूचना!

### करोडों यात्रियों को लूटने वाले प्रवासी एप पर आर्थिक दंड सहित फौजदारी अपराध प्रविष्ट किया जाए ! - सुराज्य अभियान की मांग

प्रवासी यातायात व्यवसाय (passenger transport business) करने हेतु केंद्र सरकार से अनुमति लिए बिना अवैध एग्रीगेटर का व्यवसाय करनेवाले मेक माय ट्रिप, रेड बस, गोआयबिबो, सवारी, इन ड्राईव, रैपीडो, क्वीक राईड इसप्रकार कुल 18 प्रायव्हेट प्रवासी एप बंद करने की सूचना पुणे में प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों ने 6 मार्च 2024 को महाराष्ट्र सरकार से की है । इस संदर्भ में हिन्दू जनजागृति समिति के सुराज्य अभियानकी ओर से गत 4 वर्ष बारंबार अनुवर्ती प्रयास (फोलोअप) लेने पर भी यात्रियों को लूटनेवाले इन प्रवासी एप, इसके साथ ही ट्रैवल्स कंपनियों पर कार्रवाई हेतु अनेक आंदोलन किए, शिकायत किए; तदुपरांत केवल एप बंद करने के लिए ही सूचना दी गई है । करोडों प्रवासियों को लूटनेवाली इन अवैध एग्रीगेटर एप पर यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है । इन कंपनियों द्वारा हुई प्रचंड लूटमार के विशेष लेखापरीक्षण किए जाएं, इन कंपनियों को भारी आर्थिक दंड दिया जाए और उन कर फौजदारी अपराध प्रविष्ट किए जाएं, ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति के सुराज्य अभियानके समन्वयक श्री. अभिषेक मुरुकटे ने केंद्र एवं राज्य सरकार से की ।

**संपूर्ण प्रकरण की सीबीआइ, साथ ही ईडी द्वारा सखोल छानबीन की जाए !**

मोटर वाहन कानून 1988 के अंतर्गत धारा 93(1) के अंतर्गत प्रावधानानुसार एप एवं वेबसाईट द्वारा प्रवासी यातायात का व्यवसाय करने हेतु केंद्रसरकार की मार्गदर्शक सूचनाओं के अधीन रहकर सक्षम प्राधिकरण द्वारा अनुज्ञा-पत्र लेना आवश्यक है; परंतु वैसा न करते हुए अनेक वर्षों से यह गैरकानूनी व्यवसाय शुरू है । पुणे जिले के प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों ने राज्य परिवहन आयुक्त एवं महाराष्ट्र राज्य के सायबर सेल के विशेष पुलिस



महानिरीक्षक को पत्र लिखकर ये 18 एप बंद करने की सूचना की है । मूलतः इन एग्रीगेटर एप्स द्वारा केवल महाराष्ट्र में ही नहीं, अपितु संपूर्ण देशभर में धोखाधडी की गई है । इसलिए इन पर देशभर में कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है । इसके साथ ही अब तक अवैध ढंग से कितनी धनराशि एकत्र की ? इसमें और कौन-कौन सम्मिलित है ? क्या यह महादेव बेटिंग एपसमान ही बडा घोटाला है ? इस संपूर्ण प्रकरण की सीबीआइ, साथ ही ईडी द्वारा सखोल छानबीन की जाए, ऐसी मांग भी श्री. मुरुकटे ने की है ।

**टैक्सी एग्रीगेटर एप पर कार्रवाई हुई; ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग एप पर कार्रवाई कब करेंगे ?**

यह कार्रवाई केवल टैक्सी एग्रीगेटर एप पर हुई है । इसी प्रकार रेडबस एप सहित अन्य दो ऑनलाईन एप ने महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल के साथ धोखाधडी किए जाना उजागर होने पर महामंडल ने उनके साथ हुआ करार रद्द कर दिया है। वर्ष 2018 में मुंबई उच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाराष्ट्र में शासकीय परिवहन सेवा के केवल डेढ गुना किराया लेने की ही अनुमति होने पर भी ऑनलाईन टिकट बुकिंग एप ने एवं निजी ट्रैवल्स कंपनियों ने नियम का उल्लंघन कर टिकट शुल्क अधिक लेकर 5 वर्ष यात्रियों को लूटा है । ऐसा होते हुए ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग करनेवालों पर कार्रवाई कब होगी ? यात्रियों की होनेवाली आर्थिक लूटमार रोकने के लिए सुराज्य अभियान के अंतर्गत प्रादेशिक एवं उपप्रादेशिक, इसप्रकार कुल 16 परिवहन अधिकारियों से मिलकर शिकायत प्रविष्ट किया । परिवहन आयुक्तों को प्रमाण प्रस्तुत किए । प्रति वर्ष त्योहार-उत्सव, गर्मियों की छुट्टियों के समय होनेवाली किराए में गैरकानूनी बढोतरी रोकने के लिए शिकायत एवं आंदोलनों के माध्यम से सातत्य से आवाज उठाई जा रही है । राज्य के गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री, केंद्रीय पर्यटनमंत्री, केंद्रीय परिवहनमंत्री से भी पुनः एक बार कार्रवाई करने की मांग की है ।

# चीन के मंसूबों से सतर्क भी रहे भारत

**डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव**

भारत व अमेरिका से लगातार चल रहे तनाव के बीच चीन ने एक बार फिर से अपने रक्षा बजट में भारी-भरकम बढ़ोतरी की है। चीन ने 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2024 का रक्षा बजट 1.67 ट्रिलियन युआन अर्थात् 232 अरब डॉलर कर दिया है। चीनी रक्षा बजट की यह वृद्धि बीते पांच सालों में सबसे ज्यादा है। दावा है कि अब चीन दुनिया में अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र में 5 मार्च को आधिकारिक रक्षा बजट के आंकड़े की घोषणा की गई। विदेशी विशेषज्ञ मानते हैं कि यह धनराशि सत्तासीन कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा किए गए खर्च का केवल एक अंश है।

चीनी रक्षा बजट भारतीय रुपयों में 19.23 लाख करोड़ रुपयों से ज्यादा है। चीन की तुलना में भारत का 2024-25 के लिए घोषित रक्षा बजट 621541 करोड़ रुपये है। इस तरह चीन का रक्षा बजट भारतीय रक्षा बजट से तीन गुना से भी ज्यादा है। चीन ने वर्ष 2023 में भी अपना रक्षा बजट 7.2 फीसदी तथा वर्ष 2022 में 7.1 फीसद बढ़ाया था। दरअसल, चीन दुनिया की नंबर एक सेना बनने की होड में रक्षा बजट में पिछले नौ वर्षों से लगातार इजाफा कर रहा है।

चीन ने अपना रक्षा बजट ऐसे समय बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था काफी बुरे दौर से गुजर रही है। पिछले साल चीन की आर्थिक ग्रोथ 5.2 प्रतिशत थी जबकि इस साल इसके 4.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। चीन की तेज आर्थिक ग्रोथ में एक लम्बे समय तक वहां की प्रॉपर्टी सेक्टर की विशेष भूमिका रही है। लेकिन फिलहाल प्रॉपर्टी सेक्टर की कुछ कंपनियां दिवालिया हो गई हैं और सरकार इनको उबारने के मूड में नहीं है। पहले आर्थिक ग्रोथ कम होने पर चीनी सरकार एक्सपोर्ट बढ़ाती थी और सरकारी मदद दी जाती थी पर अब ऐसा नहीं है। फिलहाल चीन सरकार ने इस साल के लिए 5 प्रतिशत ग्रोथ का लक्ष्य रखा है जो उसके मानक के हिसाब से कम है। दरअसल, शी जिनपिंग ने अपनी सेना को वर्ष 2027 तक विश्वस्तरीय सेना बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही चीनी सेना को वर्ष 2035 तक पूरी तरह से अत्याधुनिक बनाने का लक्ष्य भी है। इसी वजह से चीन अपना रक्षा बजट लगातार बढ़ा रहा है। शी जिनपिंग अपनी चीनी सेना को इतनी आधुनिक बनाना चाहते हैं कि उनकी सेना संसार के किसी छोर पर या किसी भी देश के खिलाफ युद्ध में विजय हासिल कर सके। दरअसल राष्ट्रपति शी जिनपिंग यह नहीं चाहते हैं कि उनके सैनिकों को युद्ध लड़ने को रणक्षेत्र में उतरना पड़े। इसीलिए चीन अत्याधुनिक हथियार, मजबूत थियेटर कमांड, स्टील्थ तकनीक व लड़ाकू तकनीक के क्षेत्र में अधिक पैसा लगा रहा है। इनके विकास के बाद युद्ध में लड़ाकू जेट विमान, ऑटोनॉमस हथियार व अत्याधुनिक मिसाइलें बड़ी भूमिका निभाएंगी। हाल के वर्षों में चीन ने कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। दूसरे देशों में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए नौसेना और वायुसेना को प्राथमिकता के आधार पर विस्तार दिया है। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर चुका है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। उसने भारतीय सीमा के नजदीक आर्मी विलेज भी बसा दिए हैं। चीन अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो तीन वर्षों में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोतरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। चीन की रक्षा ताकत बढ़ाने वाली यह नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। इन योजनाओं का मकसद यही है कि चीन का अमेरिका, ताइवान, जापान व भारत के साथ जारी तनाव और हिन्द महासागर व दक्षिण चीन सागर में मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में उसका सैन्य पक्ष कमजोर न पड़े। चीन के नीति-नियन्ताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाये जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है।



चीन का ध्यान स्टील्थ लड़ाकू विमान, विमानवाहक पोत, सेटेलाइटरोधी मिसाइल समेत नई सैन्य क्षमता विकसित करने पर है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है। इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा एशिया प्रशांत क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उसको जवाब के तौर पर तैयार होना है। दरअसल,चीन सैन्य क्षेत्र में दुनिया के शक्तिशाली देशों की तुलना में सबसे ऊपर रहना चाहता है। ऐसी स्थिति में भारत को चीन की रक्षा बढ़ोतरी से सजग रहने की आवश्यकता होगी।

# अजगरा विधानसभा के गौरा उपरवार में बनेगा सर्विस रोड के साथ फुट ओवरब्रिज



प्रखर वाराणसी। गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौबेपुर के पास गौरा-उपरवरा जो राजमार्ग के निर्माण के समय से ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बनता जा रहा था` ओवरस्पीडिंग एवं अन्य कारणों से हुयी मार्ग दुर्घटनाओं में जहां कुल में 12 लोगों की जनहानि तथा दर्जनों लोगों को गम्भीर चोटों के कारण परेशानी उठानी पड़ी थी आज वहां 400 मीटर सर्विस रोड तथा फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद ने किया`

**केन्द्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विधानसभा क्षेत्र में आधा दर्जन फुट ओवरब्रिज का भी किया शिलान्यास** - यातायात की दृष्टि से देश के व्यस्ततम राजमार्ग में पहले पायदान पर पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 जीटी रोड पर विकास भवन, रेलवे स्टेशन, डीएम आफिस पुलिस लाइन तथा पंडित कमला पति त्रिपाठी राजकीय चिकित्सालय के साथ ही एनएच 7 पर टेंगरा मोंड़ के समीप मिल्कीपुर में भी फुट ओवरब्रिज की आधारशिला केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने रखी` इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कि संसदीय क्षेत्र में यातायात की सहज एवं सरल व्यवस्था सदैव उनकी प्राथमिकता में रहा है संसदीय क्षेत्र में चार एवं छः लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिकता के कारण मार्ग दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी फुट ओवरब्रिज सहायक होने के साथ ही अपनी डिजाइन से क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ायेंगे`

विधायक रमेश जायसवाल,राम प्रकाश दुबे, अखण्ड सिंह, उमेश दत्त पाठक, गोपाल सिंह, श्री निकेतन मिश्र,धर्मेन्द्र पटेल, कमलेश मौर्य, प्रकाश राजभर, गोपाल भारद्वाज,विनय मौर्य, हीरालाल जायसवाल,पंकज त्रिपाठी, भोला उपाध्याय, अंजनी नंदन पाण्डेय, अशोक पाण्डेय,गीता सिंह ,किरण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## आ गए सिधौना-बिहारीगंज मार्ग के अच्छे दिन, मंत्री दयालु ने शुरू करवाया कार्य



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्षेत्र के सिधौना बाजार से बिहारीगंज तक करीब चार किमी लंबे बदहाल सड़क की जल्द ही सुदृढीकरण की जाएगी। पिछले विधानसभा फिर लोकसभा जिलापंचायत और इस विधानसभा में भी चुनावी मुद्दा बनी यह सड़क अब जल्द ही अपने नए रंग रूप में दिखेगी। पिछले कई सालों से बदहाल उबड़ खाबड़ और धूलभरी कंकड़ युक्त 3.88 किमी लंबी सड़क को बनवाया जाएगा। सिधौना-बिहारीगंज मार्ग जिउली देवगांव मार्ग से जोड़ती है।जिससे इस मार्ग पर बराबर गाड़ियों का आवागमन हो रहा था।वही पिछले कई वर्षों से इस मार्ग के जर्जर होने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता था और करीब दस किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती थीं।वही मंगलवार की सुबह सिधौना पहुँचे राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा उर्फ दयालु गुरु ने बताया कि सिधौना बाजार से बिहारीगंज मार्ग को बनवाया जायेगा।जिसका निर्माण कार्य आज मंगलवार की सुबह राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा के द्वारा भूमि पूजन कर शुरू करवाया गया।साथ-साथ बेहतर आवागमन के लिए सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## पुरानी मशीन की जगह नई मशीन लगाए जाने के कारण विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जखनिया। गाजीपुर । स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर मशीन में तकनीकी खराबी के कारण संबंधित क्षेत्र में आ रही समस्या के दृष्टिगत पहले से केन्द्र पर उपलब्ध अत्यधिक पावर की मशीन को पुरानी मशीन की जगह लगाए जाने के चलते 14 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक जखनियां तहसील ,बाजार व ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित फीडरों की बिद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । जे० ई०प्रेमचंद ने बताया की उपकेंद्र पर लगी पावर की पुरानी मशीन में तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी। विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा आए दिन शिकायतें भी मिल रही थी। विभाग द्वारा संज्ञान लिए जाने पर केंद्र पर उपलब्ध कराई गई अधिक पावर की मशीन लगाने का कार्य 14मार्च को किया जाएगा। मशीनी कार्य संपन्न होने के उपरांत 4:00 बजे के बाद विद्युत आपूर्ति जनमानस के लिए बहाल कर दी जाएगी ।



## महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा समारोह का हुआ शुभारंभ

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवा, मंगलवार को वार्षिक क्रीडा स्पर्धा समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तरन्नुम बानो द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय की छात्रा नंदिनी सिंह एवं लक्ष्मी सिंह के द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया इसके अनंतर महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष मनीषा द्वारा मुख्य अतिथि प्राचार्या जी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया गया।

# अनियंत्रित कार के धक्के से अधेड़ घायल, इलाज के दौरान मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र में पृथ्वीपुर गांव निवासी मगंलवार की सुबह सरसो का खेत देखकर मोटर साइकिल से घर लौट रहे अधेड़ को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने मारा टक्कर टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मौके पर पहुंची बिरनो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की सुबह मृतक रमेश कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय चंद्रजीत कुशवाहा उम्र 45 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने घर से कुछ दूरी पर सरसों का खेत देखने के लिए गए हुए थे खेत देखकर वह बिरनो थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर अभी पहुंचे ही थे की आजमगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया गाड़ी की टक्कर की आवाज को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में स्थानीय पुलिस और परिजनों को सूचना दिया इस घटना की सूचना मिलते ही बिरनो पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को गाड़ी में लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गई। जहां डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल को मृत घोषित कर दिया । इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद भाग रही कर को चालक समेत कब्जे में ले लिया गया है वही मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है परिजनों को सूचना दे दिया गया है उनके द्वारा जो भी लिखित प्राप्त होगी उस आधार पर कार्रवाई किया जाएगा वहीं मृतक के घर पर पत्नी समेत बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक के चार पुत्र है संदीप कुशवाहा ,प्रवीण कुशवाहा, सत्येंद्र कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा हैं एक भरा पूरा परिवार में मौत की खबर सुनते ही कोहराम मच गया मृतक की पत्नि तारा देवी के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।



# भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने मरदह हादसे के घायलों तथा परिजनों से मिलकर बढ़ाया ढांढस




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कल महाहर धाम से पहले शादी समारोह में जा रही बस के हाई वोल्टेज विद्युत सम्पर्क में आने से हुए हादसे मे घायल जिला अस्पताल में भर्ती तीन घायलों तथा उनके परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और दुर्घटना में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि घटना में मृतक परिजनों तथा घायलों के साथ भारतीय जनता पार्टी पूरी संवेदना और सहानुभूति के साथ तन्मयता से खड़ी है । उन्होंने बताया कि सरकार ने घटना को तत्काल संज्ञान में लेकर मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार के दो दो मंत्रीयो अनिल राजभर, तथा ए के शर्मा को घटनास्थल, तथा अस्पताल भेज कर स्थित का अवलोकन कर निर्णय लिया है।यह सराहनीय तथा सरकार की अपने जनता के प्रति जिम्मेदारी एवं निष्ठा का सच्चा भाव है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संकठा प्रसाद मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मयंक जायसवाल, अविनाश सिंह और नीतीश दूबे उपस्थित थे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय जो कल घटना के बाद से मा मंत्री अनिल राजभर के साथ लगातार जिला चिकित्सालय से लेकर घटनास्थल तक बने रहे और आज चिकित्सालय पहुंच कर भर्ती जनो का हाल चाल लिया और कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ा दायक है, और हादसे की जानकारी के तुरंत बाद से भाजपा संगठन और सरकार पुरी निष्ठा से घायलों व मृतक परिजनों के प्रति संवेदनशील है। घटना पर दुःख प्रकट करने वालों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा,प्रो शोभनाथ यादव,भानुप्रताप सिंह, ओमप्रकाश राय,दयाशंकर पांडेय, प्रवीण सिंह , जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, राकेश यादव आदि ने दुःख प्रकट करते हुए मृतकों की आत्मा शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## पुलिस कमीश्नर वाराणसी को सौंपा प्रार्थना पत्र और लगाई न्याय की गुहार

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। इन्द्रपुर कोईलहवाँ गाँव के बीच स्थित काशीराम आवास की पिड़ीत महिलाएं अवैध देसी शराब के विक्रय होने के विरोध में संयुक्त पुलिस कमीश्नर वाराणसी कमिश्नरेट को सौपी प्रार्थना पत्र और लगाया न्याय की गुहार` न्याय की गुहार लगाने के लिए आयी पिड़ीत महिलाओं ने मीडिया से बताया की हमलोग के मुहल्ले में अवैध रूप से देशी शराब की दुकान एक टीन शेड से बने कमरे में ब्लाक नं. 4 के सामने बाबा जी के दुकान के बगल 4 में अन्दर चलती है। हम लोगों के द्वारा उक्त अवैध दुकान का हमेशा विरोध किया जाता है क्योंकि आस -पास मंदिर व स्कूल होने के कारण महिलाएं आती-जाती हैं जिससे उन लोगों द्वारा फब्तियाँ कसते हैं` उक्त घटना से हम सभीलोग बहुत चिंतित हैं कारण कि दो वर्ष पूर्व इसी कारण से दो व्यक्तियों की हत्या भी हो चुकी है तया आये दिन कुछ न कुछ घटना घटित होती रहती है साथ ही कभी कोई गम्भीर घटना घटित न हो जाये इसका डर प्रायः बना रहता है।

## तारिक चाचा के अध्यक्षता मे यूनाइटेड मीडिया की मासिक बैठक तथा वितरित हुआ परिचय पत्र



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मगंलवार को यूनाइटेड मीडिया पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के निर्देश के अनुपालन में जनपद इकाई गाजीपुर के सदर तहसील के सभी सदस्यों का कैंप कार्यालय गोलाघाट गाजीपुर मे परिचय पत्र वितरण एवं मासिक बैठक संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सैयद अहमद अली उर्फ तारिक चाचा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों पर चर्चा हुई। उक्त बैठक में उपेन्द्र यादव, तारिक चाचा, कृपा शंकर यादव, महताब आलम, ए के सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, अविनाश कुमार यादव फजल अहमद, छोटू यादव, दिनेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कमलेश यादव और उग्रसेन सिंह आदि मौजूद रहे। वही कासिमाबाद के जनता आदर्श इंटर कॉलेज गंगौली के सभागार में कासिमाबाद तहसील के सदस्यों का भी परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम के साथ पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा भी हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव बेलाल अहमद ने तथा संचालन कासिमाबाद तहसील अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने किया। इस दौरान बेलाल अहमद, घनश्याम सिंह, आशीष गुप्ता, अरविन्द कुमार, मो. साकिब, नियाज और अंकित पाण्डे आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# नंदनी राजभर हत्या कांड में पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे ओपी राजभर, परिवार को हर संभव सहायता का दिया भरोसा



प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर संत कबीर नगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के दीघा गांव पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिलाकर हर संभव सहायता की बात कही और नंदनी राजभर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर सजा दिलाने की बात कही। वही सुभासपा की प्रदेश महासचिव नंदनी राजभर की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

आपको बता दे की जनपद संत कबीर नगर के थाना कोतवाली अंतर्गत बीघा गांव में सुभाषपा की प्रदेश महासचिव नंदनी राजभर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी । जिसकी वजह से नंदनी राजभर का परिवार ही नहीं, पूरे दीघा गांव में भय दहशत का माहौल व्याप्त हैं । वही संत कबीर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नंदनी राजभर के हत्या वाले मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं तथा एक अभियुक्त की तलाश जारी है। हत्या वाले मामले को सज्ञान में लेते हुए ओपी राजभर पहुंचे संत कबीर नगर डिघा गांव पीड़ित परिवार से की मुलकाकत हर संभव मदद का दिया आश्वासन कहा की अब कोई भी परिवार को परेशान नहीं कर सकता है हमने स्थानीय अधिकारियों को बता दिया है जो भी दोषी होगा उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही मीडिया से बातचीत करते हुए ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गुंडों होते थे। उनकी की सरकार में पैदा हुए गुंडे अपराधी है जो इस समय अपराध कर रहे हैं।कहीं भी घटना हो रही है तो फिर उन्हीं का नाम क्यों आ रहा है ,देवरिया की घटना देख लीजिए यहां की घटना में दोनो एफआईआर में क्यों नामा रहा है। जो वर्तमान में योगी आदित्यनाथ की सरकार है कानून का राज कायम करने के लिए पूरी ताकत लगाये हुए हैं। जनता को दिख रहा है और जनता विश्वास कर रही है । देश में मोदी तथा प्रदेश में योगी जी की जो सरकार हैं कि देश में कहीं दंगे नहीं हो रहे हैं । खलीलाबाद में कुछ ऐसे शरारती तत्व हैं जो गरीबों को शराब पिलाते हैं नशे में कर के जमीन बैनामा करवा लेते है। जब होश में आता है तो पैसा मागने जाता है। उसको डरा धमका कर विवश कर देते है कहीं खुद आत्महत्या कर लेता है या लोग उसे मार देते। इस तरह के गणित कार्य संत कबीर नगर में पूरी तरह से व्याप्त है ऐसे भूमाफियाओं के ऊपर कारवाई करने की जरूरत है। संत कबीर नगर में कानून व्यवस्था फेल नहीं है अगर कानून व्यवस्था फेल होता तो हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार कैसे होते । पुलिस तफतीश कर रही है जल्दी वह भी जेल जाएगा। ओपी राजभर के बयान पर सवाल करते हुए पत्रकारों ने पूछा की कैसे आप कह सकते हैं कि वह समाजवादी गुंडे थे। मंत्री ओपी राजभर ने जवाब देते हुए कहा कि आरोप में क्या नाम है एक एफआईआर में दो दो बार नाम हैं बताओ कि देवरिया में एफआईआर देखा क्या आप हमको देवरिया की घटना को देखकर बता दो वहां ब्राह्मणों की हत्या हुई किसने किया अगर जबान में छेद है तो बताओ कौन किया यहां हत्या, और हत्या हुई तो किसने किया किसने करवाया । मैं फिर कह रहा हूं कि समाजवादी पार्टी में सह मिला और गुंडे पैदा हुए और अपराध करने लगे। पूरे प्रदेश में हाहाकार मच हुआ था। दीघा गांव के ग्रामीणों को ओमप्रकाश राजभर के आगमन से पूर्ण भरोसा हुआ कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। वही ओ पी राजभर ने मृतक नंदिनी राजभर के सात वर्षीय बेटे को हास्टल में रख कर शिक्षा देने के लिए आश्वासन दिया और साथी साथ 50 हजार आर्थिक सहायता राशि भी दिया और परिजनों को सांत्वना दी। ओमप्रकाश राजभर के आगमन को लेकर पूरा संत कबीर नगर प्रशासन पूरी तरह से मुस्ताक था दीघा गांव में सादर सीओ बृजेश सिंह,सदर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे तथा भरी संख्या में पुलिस बल तथा जिला प्रशासन के अधिकारी ,कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरनों पुलिस ने किया अपहरण व जबर्दस्ती शादी से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव थाना बिरनों जनपद गाजीपुर मय हमराह पुलिस बल के मुखबिर खास द्वारा प्राप्त सूचना पर जयरामपुर चट्टी से मु0अ0सं0 38/2024 धारा 363/366 भादवि थाना बिरनों गाजीपुर से सम्बन्धित अभियुक्त राजहंस राम पुत्र जयप्रकाश राम निवासी ग्राम बिरनों थाना बिरनों जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया में मा0न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव थाना बिरनो, कांस्टेबल महिपाल गोंड थाना बिरनो जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### माफिया मुख्तार के साले तथा पुत्रों के खाते से 17 लाख 65 हजार 120 रुपए जब्त



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्तार अंसारी गिरोह की मुसीबतें कम होती नजर नहीं आ रही है इसी क्रम में आज मंगलवार को शासन द्वारा चिन्हित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 236/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम से सम्बंधित अभियुक्तगण अनवर शहजाद तथा सरजील उर्फ आतिफ रजा पुत्रगण जमशेद रजा नि0 सैय्यदबाड़ा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर के विरुद्ध थानाध्यक्ष जंगीपुर जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट महोदया गाजीपुर के आदेश के अनुपालन मे अभियुक्तगण द्वारा संचालित कम्पनी मेसर्स विकास कंसट्रक्शन के बैंक खातों से ट्रांसफर करके अपने रिश्तेदारों क्र-191 गैंग सरगना मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास व उमर अंसारी व चचेरे भाई मंसूर अंसारी के विभिन्न बैंक खातों में संरक्षित 17 लाख 65 हजार 120 रुपये(1765120) रुपये को अंतर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई ।

### इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश को किया समर्पित



प्रखर पूर्वांचल सहजनवां, गोरखपुर। गीड़ा स्थित अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में निर्मित AULS रेलवे साइडिंग को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश को समर्पित किया। रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कारीक्रम में केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री अश्वनी वैस्नो जी भी मौजूद रहे। अंकुर स्टील प्लांट के 82 एकड़ परिसर में लगभग 2 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक के साथ 1 किलोमीटर लंबा गुड्स प्लेटफार्म बनाया गया है। कंपनी द्वारा इस साइडिंग को बनाने में लगभग 15 करोड़ रुपयों का निवेश किया गया है। इस रेलवे साइडिंग से कारखाने में उपयोग होने वाले कच्चे माल - आयरन ओर एवं कोयले की ढुलाई की जा रही है जो की उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल से लाया जा रहा है। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक निखिल जालान, सहजनवा विधायक श्री प्रदीप शुक्ला,नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमती संजू सिंह एवं कारखाने के कई वरिष्ठ प्रबधक भी मौजूद थे।

### केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने एनएचआइ की 23 करोड़ 8 लाख की परियोजनाओं का किया शिलान्यास



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। शिवपुर विधानसभा क्षेत्र मेंए वाराणसी गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रिंग रोड चौराहे के समीप आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी 12 परियोजनाएं जिसकी लागत 23 करोड़ आठ लाख रुपये हैं का शिलान्यास किया ` शिलान्यास के क्रम में एन एच 29 पर संदहा चौराहे का निमकरण अटल चौक किया गया केन्द्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने अटल चौक की आधारशिला रखते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी पुर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी के सिद्धांत एवं नीतियों पर अटूट विश्वास एवं आस्था रखती है` आज अपने लोकसभा क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल संदहा चौराहे को अटल जी को समर्पित कर उनके नाम से बनने जा रहे इस चौक का शिलान्यास कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं यह चौक हमें सदैव अटल जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व का आभास कराता रहेगा` शिवपुर विधानसभा क्षेत्र में अटर चौक के साथ ही एन 29 पर उमरहां बाजार,रिंग रोड फेज 1 पर हरिहरपुर तथा ऐढ़े में फुट ओवरब्रिज की भी आधारशिला केन्द्रीय मंत्री डॉ पाण्डेय ने रखी ।

### अजगरा विधानसभा के गौरा उपरवार में बनेगा सर्विस रोड के साथ फुट ओवरब्रिज

प्रखर वाराणसी। गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौबेपुर के पास गौरा-उपरवरा जो राजमार्ग के निर्माण के समय से ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बनता जा रहा था` ओवरस्पीडिंग एवं अन्य कारणों से हुयी मार्ग दुर्घटनाओं में जहां कुल में 12 लोगों की जनहानि तथा दर्जनों लोगों को गम्भीर चोटों के कारण परेशानी उठानी पड़ी थी आज वहां 400 मीटर सर्विस रोड तथा फुट ओवरब्रिज का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद ने किया`

**केन्द्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विधानसभा क्षेत्र में आधा दर्जन फुट ओवरब्रिज का भी किया शिलान्यास** - यातायात की दृष्टि से देश के व्यस्ततम राजमार्ग में पहले पायदान पर पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 जीटी रोड पर विकास भवन, रेलवे स्टेशन, डीएम आफिस पुलिस लाइन तथा पंडित कमला पति त्रिपाठी राजकीय चिकित्सालय के साथ ही एनएच 7 पर टेंगरा मोंड़ के समीप मिल्कीपुर में भी फुट ओवरब्रिज की आधारशिला केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने रखी` इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कि संसदीय क्षेत्र में यातायात की सहज एवं सरल व्यवस्था सदैव उनकी प्राथमिकता में रहा है संसदीय क्षेत्र में चार एवं छः लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिकता के कारण मार्ग दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी फुट ओवरब्रिज सहायक होने के साथ ही अपनी डिजाइन से क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ायेंगे` विधायक रमेश जायसवाल,राम प्रकाश दुबे, अखण्ड सिंह, उमेश दत्त पाठक, गोपाल सिंह, श्री निकेतन मिश्र,धर्मेन्द्र पटेल,कमलेश मौर्य, प्रकाश राजभर, गोपाल भारद्वाज,विनय मौर्य, हीरालाल जायसवाल,पंकज त्रिपाठी, भोला उपाध्याय, अंजनी नंदन पाण्डेय, अशोक पाण्डेय,गीता सिंह ,किरण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## ऑस्कर समारोह में नितिन देसाई को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में 96वें अकादमी पुरस्कार कार्यक्रम के अवसर पर 'इन मेमोरियम' सेगमेंट में प्रोडक्शन डॉयरेक्टर दिवंगत नितिन देसाई को श्रद्धांजलि दी गई। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट 'द एकेडमी' के अनुसार, 'इन मेमोरियम' सेगमेंट में दिवंगत नितिन देसाई को श्रद्धांजलि दी गई, जो एक प्रसिद्ध प्रोडक्शन डायरेक्टर थे, जो 'लगान' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते थे। समारोह में ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'ओपेनहाइमर' को 96वें अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर का किरदार निभा रहे सिलियन मर्फी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए अपना पहला ऑस्कर जीता। उन्होंने इस सम्मान को दुनिया भर के शांतिदूतों को समर्पित किया। नोलन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।



## नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड ने बदल दी तमिलनाडु की लड़की की जिंदगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (8 फरवरी) को पहले नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से कई युवा हस्तियों को सम्मानित किया। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 'बेस्ट स्टोरीटेलर कैटेगरी' में कीर्तिका गोविंदासामी को सम्मानित किया। कीर्तिका गोविंदासामी जब मंच पर अवॉर्ड लेने पहुंची तो कुछ ऐसा हुआ कि पीएम मोदी भी भावुक हो गए। दरअसल, मंच पर पहुंची कीर्तिका पीएम मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लेना चाह रही थी, लेकिन पीएम ने प्यार से उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया और खुद गोविंदासामी को नमन करने लगे। दरअसल, उसी कीर्तिका गोविंदासामी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने जीवन की एक पूरी कहानी शेयर की है और बताया है कि यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें कितने संघर्षों का सामना करना पड़ा। कीर्तिका गोविंदासामी ने लिखा है कि मैं तब 15 साल की थी, एक रात मैंने अपने पिता को रोते हुए सुना क्योंकि गांव के लोग मेरे बारे में बुरा-भला कह रहे थे। जीवन भर वे मुझ पर शर्मिंदा रहे। कीर्तिका ने आगे लिखा कि नहीं, मेरा कोई बॉयफ्रेंड नहीं था। मैं पढ़ने में बहुत अच्छी थी। फिर क्या गलत हुआ? मैं बस चीजें अपने आप करना चाहती थी।



## ऑस्कर समारोह में 'आरआरआर' के एक्शन सीन और नाटू-नाटू की धूम

**नयी दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में स्टंट समुदाय के योगदान का जश्न मनाने के लिए 96वें एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2024 में एसएस राजामौली की 'आरआरआर' फिल्म का एक एक्शन आधारित दृश्य दिखाया गया।

लॉस एंजेल्स के डॉल्बी थिएटर में रविवार की रात आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में ऑस्कर में नामित हुए रायन गोसलिग और एमिली ब्लंट ने स्टंट समुदाय के योगदान को



दिखाने के लिए 1.15 मिनट की एक लघु वीडियो भी प्रस्तुत की। गोस्लिग ने कहा, 'सिनेमा की शुरुआत से ही वे हमारे उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं... फिल्मों को जादू बनाने में मदद करने के लिए हम स्टंट कलाकारों और स्टंट समन्वयकों को सलाम करते है।' ब्लंट ने कहा, 'वे वास्तव में गुमनाम नायक है जो सिनेमा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते है।' एकेडमी अवॉर्ड्स में अभी तक स्टंट के लिए नयी श्रेणी शुरू नहीं की गई थी, लेकिन इस साल की शुरुआत में इसकी घोषणा की गई।

## ऑस्कर पाकर गौरवान्वित हैं सिलियन मर्फी

**लॉस एंजेल्स (आईएएनएस)।** फिल्म 'ओपेनहाइमर' में बेहतरीन अभिनय को लेकर हॉलीवुड स्टार सिलियन मर्फी ने ऑस्कर में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कहा कि वह यह सम्मान पाकर बेहद गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। मर्फी ने फिल्म में परमाणु बम के जनक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर की भूमिका निभाई है। इस सम्मान के लिए उन्होंने अकादमी और नोलन को धन्यवाद दिया। मर्फी ने कहा, पिछले 20 वर्षों में आपने मुझे जो यात्रा कराई है, वह सबसे रोमांचक, उत्साहजनक और रचनात्मक रूप से संतोषजनक रही है। मैं उससे कहीं अधिक आपका आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, 'ओपेनहाइमर' के हर एक कलाकार को बहुत-बहुत धन्यवाद, आप लोगों ने मुझे आगे बढ़ाया। मैं सचमुच आपका सम्मान करता हूं।



## वैज्ञानिकों ने कोविड-19 संक्रमण के खिलाफ नई एंटीवायरल दवाएं खोजी

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैज्ञानिकों ने असरदार एंटीवायरल दवाएं खोज निकाली है जिनमें भविष्य में कोविड-19 संक्रमण के प्रकोप को रोकने की क्षमता है। 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है। रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने बताया कि कोविड-19 का कारण बनने वाला वायरस एस-सीओवी-2 कोशिकाओं में एक ऐसे मार्ग को सक्रिय कर देता है, जो पेरोक्सीसोम्स व इंटरफेरॉन के उत्पादन को रोक देता है और ये दोनों ही तत्व सामान्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के दो महत्वपूर्ण घटक है। कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा के शोधकर्ताओं की टीम ने इस नयी एंटीवायरल दवा का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो इंटरफेरॉन के उत्पादन को बढ़ाकर कोविड-19 के प्रभाव को कम करने का काम करती है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि इंटरफेरॉन संक्रमित कोशिकाओं को और अधिक वायरस उत्पन्न करने से रोकने और इन संक्रमित कोशिकाओं को मारने का का काम करता है। इसके बाद यह तत्व संक्रमित कोशिकाओं के आस-पास मौजूद कोशिकाओं को संक्रमित होने से रोकता है। शोधकर्ताओं की टीम ने 40 मौजूदा दवाओं की जांच की जो संकेत देने वाले मार्ग को निशाना बनाती है। इनमें से ज्यादातर दवाएं मूल रूप से कैंसर के उपचार के लिए विकसित की गयी थीं, जो अक्सर इंटरफेरॉन के उत्पादन को बढ़ा देती है। इनमें से तीन दवाएं फेफड़ों में पाये जाने वाले वायरस की मात्रा को महत्वपूर्ण रूप से कम करने में प्रभावी है और एक दवा चूहे में सूजन व अन्य लक्षणों को कम करने में प्रभावी साबित हुई है।

**'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने किया दावा**

यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा के प्रोफेसर और अध्ययन के मुख्य लेखक टॉम होबमैन ने कहा, 'हमने कुछ मामलों में एक टेस्ट ट्यूब में वायरस उत्पन्न होने की मात्रा में 10 हजार गुना तक कमी को देखा और जब चूहों पर इसका परीक्षण किया गया तो पाया कि ये दवाएं बहुत वजन में तेज गिरावट को रोकने का काम करती है और चूहे बहुत तेजी से ठीक होते है।' होबमैन ने कहा कि वायरस से संक्रमण के प्रकोप के दौरान वे लोग, जो इसके संपर्क में आते है या फिर जिन्हें लक्षण दिखाई देने लगे है, उन्हें अपना पेरोक्सीसोम स्तर गिरने से पहले चार से पांच दिन दवा का कोर्स करना चाहिए और संक्रमण को गंभीर होने और बीमारी को फैलने से रोकने चाहिए।





## जामनगर खेल महोत्सव में शामिल हुईं दिशा पाटनी



**जामनगर (आईएएनएस)।** जामनगर देवभूमि द्वारका एमपी खेल महोत्सव 2024 एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हो गया। इसे 'खेले-तखेले' की भावना के साथ शुरू किया गया था। जामनगर-देवभूमि द्वारका सांसद खेल महोत्सव 2024 को लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया संकल्प को मूर्त रूप देता है। समापन समारोह में प्रसिद्ध लोक गायक जिगरदान गढ़वी और आरजे देवांग की मौजूदगी में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके अलावा इस समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी भी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थीं।

समारोह के दौरान खेल महोत्सव का फाइनल क्रिकेट मैच भी ओखामंडल द्वारकेश एलेवन और राम एलेवन गाडू टीमों के बीच खेला गया। मैच आखिरी गेंद तक रोमांचक बना रहा और आखिरकार देवभूमि द्वारका जिले के ओखामंडल द्वारकेश एलेवन को रोमांचक जीत मिली। संसद खेल महोत्सव-2024 सांसद पूनमबेन मैडम की पहल है। इसे जामनगर लोकसभा क्षेत्र के लोगों से भारी प्रतिक्रिया मिली। विजेता टीम और उपविजेता को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और विजेता खिलाड़ियों को सांसद पूनमबेन मैडम द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जामनगर के लोगों का उत्साह बढ़ाने और मनोरंजन के लिए शानदार आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

सांसद खेल महोत्सव-2024 में विभिन्न आयु वर्ग के 82,000 खिलाड़ियों और रिकॉर्ड तोड़ 382 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस महोत्सव में कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे खेलों के साथ-साथ टग ऑफ वॉर, सैक रेस, लेमन स्पून रेस, म्यूजिक चेयर जैसे पारंपरिक खेल भी शामिल किए गए। इस खेल महोत्सव में ग्राम स्तर, स्कूल स्तर, तालुका स्तर, क्षेत्रीय स्तर और लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** विद्या बालन और प्रतीक गांधी स्टारर 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म 'दो और दो प्यार' की रिलीज डेट 19 अप्रैल की घोषणा करते हुए एक आकर्षक नए पोस्टर को लांन्च किया इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति की अहम भूमिका है। यह फिल्म फिल्म कंटेम्प्ररी रोमांस प्यार, हंसी और मॉडर्न रिलेशनशिप की जबरदस्त कहानी को दर्शाएगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, फिल्म 'दो और दो प्यार' को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है ।




## 'थेरेपी शेरेपी' में दिखाई देंगे गुलशन और नेहा धूपिया


**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्टर गुलशन देवैया और नेहा धूपिया मेंटल हेल्थ पर आधारित वेब सीरीज 'थेरेपी शेरेपी' में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर गुलशन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हर परिवार अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षित स्थान बना सके तो इस दुनिया से बहुत सारी



परेशानियां गायब हो जाएंगी। इससे लोग बेहद खुश रहेंगे। शो की कहानी औसत मध्यम आय वाले परिवार के बारे में है। उन्होंने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि लोग धीरे-धीरे परिवार के पालन-पोषण के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे हैं। दुनिया एक बेहतर जगह हो सकती है और हमें इसकी शुरुआत घर से ही करनी चाहिए।सूत्रों के अनुसार, 'थेरेपी शेरेपी' की शूटिंग फिलहाल चल रही है, कहानी के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

## ऑस्कर में 'ओपेनहाइमर' की धूम

- सात श्रेणियों में ऑस्कर जीता
- भारत की 'टू किल ए टाइगर' दौड़ से बाहर



### किसको क्या मिला

- क्रिस्टोफर नोलन - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ओपेनहाइमर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- सिलियन मर्फी(ओपेनहाइमर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-एम्मा स्टोन (पूअर थिंग्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-रॉबर्ट डाउनी जूनियर (ओपेनहाइमर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-दा'वाइन जॉय रैंडोल्फ(द होल्डोवर्स)
- सिनेमेटोग्राफी और संपादन-बार्बी
- सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म-'द जोन ऑफ इंटरेस्ट'(ब्रिटेन)
- सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर-'20 डेज इन मारियुपोल'
- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर-'द लास्ट रिपेयर शॉप'
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड लघु फिल्म-'वॉर इज ओवर'
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म- 'द ब्वॉय एंड द हीरोन'
- सर्वश्रेष्ठ ऑरिजिनल गीत -बिली एलिश व फिनीस ओ'कॉनेल



## शाहरुख को जी सिने अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब

मुंबई (वार्ता)। 22 वें जी सिने अवार्ड में बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री क्रिटिक्स पुरस्कार से नवाजी गईं। कियारा आडवाणी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री ज्यूरी का पुरस्कार मिला। बेस्ट वीएफएक्स - जवान के लिए रेड चिलीज एंटरटेनमेंट, बेस्ट एक्शन - स्पाइरो रजाटोस, एनल अरासु, क्रेग मैक्रे और जवान के लिए टीम, बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिक - जवान के लिए अनिरुद्ध, बेस्ट डायलॉग - जवान के लिए सुमित अरोड़ा बेस्ट प्ले बैक सिंगर मेल - अरिजीत सिंह (पठान से झूमे जो पठान), बेस्ट प्ले बैक सिंगर फीमेल- शिल्पा राव (बेशरम रंग फिल्म पठान) बेस्ट लिरिक्स - कुमार (चलिया- पठान) के लिये चुने गये।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल मांगे मोर कैम्पेन जारी

नई दिल्ली। पेप्सी ने भारत में अपने 125वें जन्मदिन के मौके पर भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की तैयारी पूरी कर ली है। इस आइकॉनिक बेवेरेज ब्रांड ने भारत में नई ग्लोबल ब्रांडिंग पेश की है। पेप्सी ने अपने नए ब्रांड कैम्पेन यह 'दिल मांगे मोर' भी लांच किया है। नए कैम्पेन में आकर्षक और प्रतिभाशाली ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह को लिया गया है। 'यह दिल मांगे मोर' के बारे में शैलजा जोशी, कैटेगरी लीड, पेप्सी कोला, पेप्सिको इंडिया ने कहा, 'यह दिल मांगे मोर महज़ कैम्पेन नहीं है बल्कि पेप्सी को पसंद करने वालों के दिलों पर खुदा हुआ ध्येय वाक्य है। इस नए कैम्पेन के बारे में, सुपरस्टार रणवीर सिंह का कहना है, 'यह दिल मांगे मोर कैम्पेन मेरे प्रोफेशनल जीवन की अहम कड़ी है।

### क्रॉम्पटन लाइट्स की ट्रायो रेंज

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने अपनी नई प्रीमियम रेंज, ट्रायो रेंज ऑफ लाइट्स लांच की है। इंडस्ट्री में अपने तरह की यह अनूठी, ट्रायो रेंज एक ही प्रोडक्ट में तीन अलग-अलग तरह की लाइटिंग है। सीलिंग लाइट्स से लेकर बैटन और लैम्प तक, हरेक को ही जरूरत और खूबसूरती दोनों को ध्यान में रखते हुए बड़ी ही सटीकता से तैयार किया गया है। ट्रायो रेंज की पेशकश पारंपरिक लाइटिंग से काफी हटकर है। आधुनिक रहन-सहन की बदलती जरूरतों के हिसाब एक बेहद शानदार अनुभव पेश किया जा रहा है। कंपनी की नई लॉन्च की गई लाइटिंग रेंज के बारे में, शालीन नायक, वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, लाइटिंग, का कहना है, 'क्रॉम्पटन में हमेशा ही क्वालिटी और इनोवेशन साथ-साथ चलते हैं।

### लेज़ का नया अभियान

नई दिल्ली। पेप्सिको इंडिया का ब्रांड लेज़ ने यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) की साझेदारी में 'प्रोजेक्ट फार्म इक्वल' को देश भर में लांच कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का जश्न मनाया। पेप्सिको इंडिया में कंट्री हेड, पटैटो चिप्स सौम्या राठौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शुरू किया गया फार्म इक्वल कृषि उपज को बढ़ावा देने से कहीं बढ़कर है और यह भारत के कृषि क्षेत्र की रीढ़ के तौर पर महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाने और उसे सपोर्ट करने के लिए लेज़ के अटूट समर्पण का सशक्त प्रमाण है।

### एसके बेहरा चेयरमैन चुने गए

जमशेदपुर। आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कुमार बेहरा को 2024-25 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र परिषद का चेयरमैन चुना गया है। सीआईआई-झारखंड के सोमवार को जारी बयान के अनुसार, उनकी नियुक्ति की घोषणा नौ मार्च को कोलकाता में आयोजित पुनर्गठित पूर्वी क्षेत्र परिषद की उद्घाटन बैठक के दौरान की गई थी। बयान के अनुसार बेहरा ने सीआईआई में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। इनमें राष्ट्रीय परिषद की कौशल विकास और आजीविका समिति के पूर्व को-चेयरमैन और सीआईआई - झारखंड इकाई के पूर्व चेयरमैन का पद शामिल हैं।

### फियो के अध्यक्ष बने अश्विनी

नई दिल्ली। उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है। फियो ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है। कुमार फियो के चेयरमैन (उत्तरी क्षेत्र) और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' (उत्तरी क्षेत्र) रह चुके हैं।

### कंट्रोल प्रिंट ने अधिग्रहण किया

नई दिल्ली। कंट्रोल प्रिंट लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने ब्रिटेन स्थित कोडोलॉजी ग्रुप लिमिटेड में लगभग 10 करोड़ रुपये में 50.49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। कोडोलॉजी ग्रुप प्रिंटिंग समाधान मुहैया कराती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से कंट्रोल प्रिंट को ब्रिटेन के बाजार में पकड़ बनाने और वृद्धि के नए अवसर तैयार करने में मदद मिलेगी। कंट्रोल प्रिंट के संयुक्त प्रबंध निदेशक शिव काबरा ने कहा कि इस अधिग्रहण से उत्पाद पेशकश में विविधता बढ़ेगी और कोडोलॉजी की ब्रिटेन में अच्छी पकड़ का लाभ कंपनी को मिलेगा।(एजेंसियां)

## 'गोभी मंचूरियन' में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक

■ हवा मिठाई में भी कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर कर्नाटक सरकार ने लगाई रोक



बेंगलुरु (भाषा)।

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को राज्य में 'गोभी मंचूरियन' और हवा मिठाई (कॉटन कैंडी) में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी।

सार्वजनिक स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों पर कृत्रिम रंगों के प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता विभाग ने कहा कि 'गोभी मंचूरियन' और हवा मिठाई के नमूने समूचे राज्य से इकट्ठा किए गए और प्रयोगशालाओं में उनका विश्लेषण किया गया।

परीक्षणों के नतीजों के आधार पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने 'गोभी मंचूरियन' को तैयार करने में किसी भी कृत्रिम रंग का इस्तेमाल बंद करने का आदेश दिया है। हवा मिठाई के मामले में खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में कृत्रिम रंग के उपयोग और 'रोडामाइन बी' जैसे रंगों एवं अन्य कृत्रिम रंगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

अधिकारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम - 2006 के नियम 59 का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग अदालत में मामला दायर कर सकता है।

इसमें दोषी पाए जाने पर सात साल से लेकर आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## राकेश गंगवाल ने इंडिगो के 6,785 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे

नई दिल्ली (भाषा)।

इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल ने सोमवार को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से कंपनी के 6,785 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन संचालित करने वाली कंपनी के सह-संस्थापक ने इंडिगो के 2.25 करोड़ शेयर यानी 5.83 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है।

शेयर बिक्री तीन किस्तों में की गई। शेयरों की बिक्री 3,015.10 रुपये प्रति शेयर से 3,016.36 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की गई।

## रुपया 8 पैसे टूटा

मुंबई (भाषा)। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डालर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में नरम रुख के कारण रुपये में गिरावट आई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.74 प्रति डालर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 82.76 प्रति डालर के दिन के निम्नतम स्तर को छू गया। कारोबार के अंत में डालर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 प्रति डालर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 16 पैसे की मजबूती के साथ 82.67 प्रति डालर पर बंद हुआ था। महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था। बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'हमारा मानना है कि वैश्विक बाजारों में जोखिम की आशंका के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा।

## सेंसेक्स में 617 अंक की गिरावट

मुंबई (भाषा)।

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर



और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। चुनावी बांड से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को सौंपने के मामले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को सख्त निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ नेस्ले, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, 'अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है। हालांकि इसमें 22,400 के स्तर पर प्रतिरोध देखा जा सकता है।'

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'ब्याज दर में कटौती पर अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली ने घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित किया। अमेरिका में गैर-कृषि क्षेत्रों में नौकरियों के उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़े और अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने से पहले सावधानी बरती गई।' उन्होंने कहा, 'मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांक में खराब प्रदर्शन जारी है, जबकि निवेशक सोने जैसी सुरक्षित-संपत्ति को शामिल करने के लिए अपने पोर्टफोलियो को संशोधित कर रहे है।' बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.01 प्रतिशत गिर गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही।

## एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत : सेबी

मुंबई (भाषा)।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे है। उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को 'अतार्किक उत्साह' जैसा बताया।

बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा, 'हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे है। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ 'पैटर्न' देख रहे है। मै कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है।'



छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले है। उन्होंने कहा, 'बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है।'

सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है। उन्होंने हालांकि गड़बडी में शामिल संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की कोई खास समयसीमा नही दी।

सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेशकों को यह समझने की जरूरत है कि एसएमई खंड मुख्य बोर्ड (बड़ी कंपनियों) से अलग है। एसएमई खंड को नियंत्रित करने वाले नियम, खुलासा मानदंड अलग है और इसलिए जोखिम की प्रकृति भी अलग है। उन्होंने कहा कि प्रतिभूतियों का बिक्री के दिन निपटान (टी+0) वैकल्पिक आधार पर 28 मार्च से शुरू होगा।

## सरकार ने औषधि योजना में पात्रता मानदंडों को व्यापक बनाया

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने औषधि कंपनियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप दवाओं का उत्पादन करने में सक्षम बनाने के लिए योजना में सुधार कर पात्रता मानदंडों को व्यापक बनाया है। इसके तहत दवा कंपनियों को उनके संयंत्रों को उन्नत बनाने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह कहा गया।

संशोधित औषधि प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (पीटीयूएएस) के अनुसार सरकार ने 500 करोड़ रुपये से कम कारोबार वाली किसी भी दवा विनिर्माण इकाई को योजना के दायरे में लाने का प्रावधान किया है। हालांकि, योजना की प्राथमिकता अभी भी एमएसएमई के लिए बनी हुई है।

संशोधित योजना अधिक लचीले वित्तपोषण विकल्प की पेशकश करती है। योजना में शामिल इकाइयों के वित्तपोषण विकल्पों में विविधता लाने के लिए ऐसा किया गया है।

## बांग्लादेश, श्रीलंका से रुपए में ट्रेड करना चाहता है भारत

नई दिल्ली (भाषा)। बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यपार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है।

उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया, 'बांग्लादेश, श्रीलंका पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा।' गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह अहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अब अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे।

गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा, ''हमने यूएई से शुरुआत की। यूएई इसे स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था। अब इसमें तेजी आ रही है।

## झारखंड में 2500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

नई दिल्ली (वार्ता)।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में 2500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें तुपुदाना से कुंडियाबारटोली खंड खूंटी बाईपास सहित-को 4-लेन का निर्माण, बेरो से खूंटी खंड का चौड़ीकरण और उन्नयन शामिल है।

बेरो से खूंटी खंड के निर्माण से यातायात सुगम होगा और आस पास के क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। खांटी बाईपास के निर्माण से स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

## स्मॉल-कैप, मिड-कैप फंडों से निकासी चिंता की बात नहीं

नई दिल्ली (भाषा)।

स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है। सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया। मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था। इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे।

## भारतीय एयरलाइंस का घाटा कम हुआ

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय एयरलाइंस का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है, जबकि अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते है।



एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया कि यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 12.75 करोड़ होने का अनुमान है।

रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। पीएंडडब्ल्यू के इंजन में खराबी के चलते इंडिगो ने 70 से ज्यादा विमान खड़े कर दिए।

रिपोर्ट में कहा गया, 'ऐसा अनुमान है कि भारतीय एयरलाइनों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 प्रतिशत हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा। पीएंडडब्ल्यू के वैश्विक स्तर पर इंजनों की बड़ी संख्या में वापसी की जा रही है। पीएंडडब्ल्यू को इनके परीक्षण में 250-300 दिन लग सकते है।' इक्रा ने कहा कि ऐसे में उद्योग की आमदनी में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है।

## सेम्बकॉर्प को पवन-सौर विद्युत परियोजना का ठेका

सिंगापुर (वार्ता)।

सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी ग्रीन इंफ्राविंड एनर्जी लिमिटेड (जीआईडब्ल्यूईएल) को एसजेवीएन लिमिटेड से 440 मेगावाट इंटरस्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) से जुड़े पवन-सौर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का ठेका मिला है।

सेम्बकॉर्प ने कहा कि यह प्रोजेक्ट सितम्बर 2023 में एसजेवीएन द्वारा जारी 1.5 गीगावॉट बोली का हिस्सा है। बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के अधीन और बिजली उत्पादन 25 साल की दीर्घकालिक पीपीए के तहत एसजेवीएन को बेचा जाएगा। उम्मीद है कि परियोजना पीपीए पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 24 महीने में वाणिज्यिक संचालन के लिए तैयार हो जाएगी।

## जीएमआर हैदराबाद हवाई अड्डे को मिला अवार्ड

हैदराबाद (भाषा)। जीएमआर हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सोमवार को कहा कि उसे 1.5-2.5 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता वाली श्रेणी में एशिया-प्रशांत क्षेत्र का वर्ष 2023 का लिए हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 2023 में वैश्विक स्तर पर भाग लेने वाले 400 से अधिक हवाई अड्डों में से उसे एक बार फिर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के एएसक्यू सर्वेक्षण में यह पुरस्कार दिया गया है। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रदीप पणिक्कर ने कहा, 'हम इस मान्यता के लिए टीम और सभी हवाईअड्डा हितधारकों को उनके समर्पण, अथक परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते है।'

## घरेलू व विदेशी निवेश आकर्षित करने में मददगार होगा द्वारका एक्सप्रेसवे

■ रियल एस्टेट उद्योग ने कहा, इस परियोजना के शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ेंगी निवेश से जुड़ी गतिविधियां

नई दिल्ली (भाषा)।

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों ने कहा है कि दिल्ली से गुरुग्राम के बीच द्वारका एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा शुरू होने से इससे दोनों शहरों के बीच का सफर सुगम होने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रियल एस्टेट क्षेत्र में गतिविधियां तेज होंगी और घरेलू तथा विदेशी निवेश आकर्षित होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया। इससे यातायात प्रवाह बेहतर बनेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दिल्ली तथा गुरुग्राम के बीच यातायात सुगम होगा। द्वारका एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है, जिसमें से 18.9 किमी का हिस्सा हरियाणा में पड़ता है, जबकि शेष 10.1 किमी दिल्ली में है। रियल एस्टेट कंपनियों का शीर्ष निकाय नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, 'यह ऐतिहासिक परियोजना बेहतर संपर्क के साथ इस क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी और आर्थिक गतिविधियां तेज करने के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करेगी।'

अंसल हाउसिंग के निदेशक और क्रेडाई हरियाणा के अध्यक्ष कुशाग्र अंसल ने कहा, 'द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन क्षेत्र के रियल एस्टेट सेक्टर के विकास और संभावनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इसमें आवासीय और वाणिज्यिक रियल्टी



विकास को बढ़ावा देने की हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ, द्वारका एक्सप्रेस-वे में एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के सबसे बड़े रियल एस्टेट केंद्रों में से एक के रूप में उभरने की सभी संभावनाएं है। नारेडको की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे बुनियादी ढांचे के विकास में एक मील का पत्थर है। यह परियोजना बेहतर संपर्क के अलावा गुरुग्राम जिले में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी के साथ, रियल एस्टेट विकास के लिए नए रास्ते खोलती है।

बीपीटीपी ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित मोहन ने कहा, ''द्वारका एक्सप्रेस-वे दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यात्रा के समय को काफी कम करके रियल एस्टेट क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है। आवासीय और वाणिज्यिक, दोनों संपत्तियों की बढ़ती मांग के कारण संपत्ति की कीमतें बढ़ रही है, जिससे यह एक आकर्षक निवेश का अवसर दे रहा है।'

एमआरजी समूह के प्रबंध निदेशक रजत गोयल ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे ने क्षेत्र में रियल एस्टेट के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे यह रहने और निवेश करने, दोनों उद्देश्यों के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य बन गया है।

आठ लेन वाले द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण 9,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। यह रष्ट्रीय राजधानी में भीड़भाड़ कम करने के लिए एनसीआर में राजमार्ग विकास के लिए केंद्र की 60,000 करोड़ रुपये की योजना का हिस्सा है।



# स्टार रेसलर विनेश ने 3 घंटे के हंगामे के बाद जीता ट्रायल्स

## नेशनल विमेंस रेसलिंग: दो वेट कैटेगरी में लड़ीं, 50 किग्रा कैटेगरी में मारी बाजी, शिवानी को हराया

● पटियाला /

स्टार रेसलर विनेश फोगाट ने 3 घंटे के हंगामे के बाद नेशनल विमेंस रेसलिंग ट्रायल्स जीत लिया है। उन्होंने 50 किग्रा वेट कैटेगरी में शिवानी पवार को 11-6 से हराया। अब वे अगले महीने किर्गिस्तान में होने वाले एशियन ओलंपिक क्वालिफायर में भारतीय टीम का हिस्सा होंगी। विनेश 53 किग्रा कैटेगरी का सेमीफाइनल मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। इससे पहले, विनेश ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पटियाला सेंटर में करीब तीन घंटे तक 50 किग्रा और 53 किग्रा वेट कैटेगरी के मुकाबले शुरू नहीं होने दिए। उनके इन दोनों वेट कैटेगरी में हिस्सा लेने पर सहमति बनने के बाद दोपहर 1.30 बजे ट्रायल्स शुरू हो सके।



### क्या था हंगामे का कारण?

अधिकारियों से विनेश 53 किग्रा वेट कैटेगरी के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से ठीक पहले दोबारा कराने का लिखित आश्वासन या फिर दोनों वेट कैटेगरी में लड़ने की इजाजत देने की मांग कर रही थीं। दोबारा ट्रायल कराने के पीछे विनेश का कहना था कि अगर डब्ल्यूएफआई के हाथ में फिर कमान आ गई, तो चयन नीति बदल सकती है। बाद में एडहॉक बॉडी ने उन्हें दोनों कैटेगरी में लड़ने की इजाजत दे दी। आईओए द्वारा गठित एडहॉक बॉडी पहले ही कह चुकी है कि 53 किलो वर्ग के लिए आखिरी ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष 4 पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम पंघाल से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## गुजरात जायंट्स की जीत से प्लेऑफ की रेस हुई रोमांचक



नई दिल्ली। गुजरात जायंट्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में यूपी वॉरियर्स पर 8 रन की जीत हासिल की है। इस जीत टीम ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। गुजरात का आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से 13 मार्च को होगा।

**विमेंस प्रीमियर लीग**
**यूपी को 8 रन से हराया, मूनी का अर्धशतक, शबनम ने लिए 3 विकेट**

अरुण जेटली मैदान पर गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। शबनम शकील को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 11 रन देकर 3 विकेट लिए। गुजरात की जीत से विमेंस प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन की प्लेऑफ रेस रोमांचक मोड़ पर है। मौजूदा स्थिति में तीनों टीमों के पास प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के मौके हैं। दिल्ली और मुंबई पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। ऐसे में बेंगलुरु, गुजरात और यूपी के बीच एक स्थान के लिए रेस है। 153 रन का टारगेट चेज करने उतरी यूपी की टीम ने शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए।

### क्राइस्टचर्च टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया

# कंगारुओं ने कीवियों का किया क्लीन स्वीप

### 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से जीती, कैरी 98 रन पर नाबाद

● क्राइस्टचर्च

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो टेस्ट मैचों सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। हैग्ले ओवल मैदान पर चौथे दिन कंगारू टीम को जीत के लिए 202 रन की जरूरत थी। उसके हाथ में 6 विकेट बचे हुए थे। ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन बना लिए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे।

चौथे दिन कंगारु टीम ने 77 रन से आगे खेलते हुए 80 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवा दिया। ट्रेविस हेड 43 गेंदों का सामना कर 18 रन बनाए। हालांकि, हेड ने मिचेल मार्श के साथ पांचवें विकेट के लिए 66 गेंदों पर 46 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभालने में मदद की। उसके बाद छठे विकेट लिए मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी के बीच 174 गेंदों पर 140 रन की साझेदारी हुई। मार्श ने 102 गेंदों पर 80 रन बनाए। मार्श 220 के टीम स्कोर पर आउट हो गए। इस स्कोर मिचेल स्टार्क भी बिना खाता खोले आउट हो गए और ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा। इसके बाद कैरी ने पैट कमिंस के लिए आठवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 61 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। एलेक्स कैरी ने 123 गेंदों पर नाबाद 98 रन और पैट कमिंस ने 44 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। 279 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने मैच के तीसरे दिन 15 रन के स्कोर पर ओपनर स्टीव स्मिथ का विकेट गंवा दिया। स्मिथ 9 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद उस्मान ख्वाजा 11, मार्नस लाबुशेन 6 और कैमरन ग्रीन 5 रन बनाकर आउट हो गए। कंगारू टीम ने 34 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए। बेन सीयर्स और मैट हेनरी को 2-2 विकेट मिले। यहां से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ने ऑस्ट्रेलिया को संभाल लिया। हेड 17 और मार्श 27 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। न्यूजीलैंड को पहली पारी में जल्दी ऑलआउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी शुरू की। टीम ने मार्नस लाबुशेन के 90 रन की बदौलत 256 रन बनाए और पहली पारी में 96 रन की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया से लाबुशेन के अलावा कोई और बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 7 विकेट लिए। उन्होंने 23 ओवर में महज 67 रन दिए। कप्तान टिम साउदी, बेन सीयर्स और ग्लेन फिलिप्स को 1-1 सफलता मिली।




### डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में अब तक कुल 12 मुकाबले खेले, 8 में जीत मिली और महज 3 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। जबकि एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। ऑस्ट्रेलिया के 62.50 प्रतिशत पॉइंट्स हो गए हैं, टीम दूसरे नंबर पर है। भारत पहले और न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है।

## युवा बॉक्सर निशांत देव पेरिस ओलंपिक कोटे से महज एक कदम दूर

बुस्टो अर्सिजियो। भारत के निशांत देव ने वर्ल्ड बॉक्सिग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के 71 किग्रा भारवर्ग में यूनान के क्रिस्टोस कैराइटिस को प्री-क्वार्टरफाइनल में सर्वसम्मति निर्णय से 5-0 से हरा दिया। इस के साथ ही निशांत पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं। बाएं हाथ के भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में आक्रामक रुख और रक्षात्मक खेल का शानदार मुजाहिरा किया। इसके बाद दूसरे राउंड में निशांत ने कैराइटिस को एक जोरदार पंच मारा, जिससे प्रतिदंदी को स्टैंडिंग काउंट के लिए मजबूर कर दिया।



## 41 बार की चैंपियन मुंबई रणजी फाइनल में 260 रन से आगे

नई दिल्ली। 41 बार की चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 के फाइनल में विदर्भ के खिलाफ 260 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 141 रन बना लिए हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे 58 और सरफराज खान के भाई मुशीर खान 51 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच नाबाद 107 रन की साझेदारी को चुकी है। वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार को विदर्भ ने 31/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और पहली पारी में महज 105 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले, रविवार को विदर्भ ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी और मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 224 रन बनाए। दूसरी पारी में मुंबई को शुरुआती झटके लगे। ओपनर पृथ्वी शॉ 11 और भूपेन लालवानी 18 रन बनाकर आउट हुए। विदर्भ की ओर से अब तक यश ठाकुर और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला। विदर्भ को पहला झटका ध्रुव शोरे के रूप में लगा। वे बिना खाता खोले आउट हुए। टीम का दूसरा विकेट 20 रन के स्कोर पर गिरा।

## महिला वर्ग में पटियाला और पुरुष वर्ग मे श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ओवरऑल चैंपियन



भोपाल ( खेल संवाददाता )। एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कोलार रोड भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2023-24 सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। महिला वर्ग में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला 44 अंकों के साथ ओवरऑल अव्वल रही। वहीं श्री गुरु ग्रंथ साहब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी फतेहगढ़ साहिब 30 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पटियाला 14 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में श्री गुरु ग्रंथ साहब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी फतेहगढ़ साहिब 39 अंकों के साथ प्रथम, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पटियाला 23 अंकों के साथ द्वितीय एवं पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला 22 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल ने पुरुष वर्ग में सिंगल सोटी टीम फ्री स्टाइल इवेंट में कुलदीप मिश्रा, निलेश मिश्रा, मुकेश, अंशुल सबनेर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग में सिंगल सोटी टीम फुल स्ट्राइक इवेंट में कशिश सिंह, सोनाली, रेनू, प्रिया ठाकुर ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका प्रतियोगिता**

## मप्र राज्य एकेडमी के एथलीटों ने जीते 4 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य

**22वीं राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप: एकता डे ने बनाया एथलेटिक्स के 3000 मी. स्टेपल चेस इवेन्ट में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, एकेडमी के खिलाड़ी विकास कुमार बिंद, बिनोद सिह, एकता डे और देव मीणा एशियन जूनियर एथलेटिक्स दुबई के लिए चयनित**

भोपाल, खेल संवाददाता। लखनऊ में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मप्र राज्य एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। बिनोद सिंह और एकता डे ने 2-2 स्वर्ण जीते, जबकि देव मीणा, विकास बिंद और आदर्श कुमार मौर्य ने एक-एक रजत एवं आशु पटेल व भव्या जैन ने एक-एक कांस्य पदक प्राप्त किया। मप्र राज्य एथेलेटिक्स एकेडमी के बिनोद सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 10000 मी. रन स्पर्धा में 30:14:00 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक और पोल वोल्ट इवेन्ट में देव मीना ने 5.05 मी. स्कोर और विकास कुमार बिंद ने 3000 मी. इवेन्ट में 8:50:55 सेकेंड का समय लेकर एक-एक रजत जीते। इसी तरह पोलवेल्ट में आशु पटेल ने 4.50 मी. का स्कोर कर कांस्य अर्जित किया। इसके अलावा भव्या जैन ने 3.50 मी. की परफार्मेन्स देकर कांस्य जीता। बिनोद सिंह ने 5000 मी. स्पर्धा में 14:22:32 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण अपने नाम किया। एकता डे ने 5000 मी. स्पर्धा में 18:08:81 सेकेंड का समय और 3000 मी. स्टेपल चेस में 10:10:08 सेकेंड का समय लेकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2 स्वर्णिम सफलताएं अर्जित की। इसके अलावा आदर्श कुमार मौर्या ने 800 मी. स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 1:51:54 सेकेंड का समय पूर्ण कर रजत पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही एकेडमी के देव मीणा (पोल वोल्ट), विकास कुमार बिंद (3000 मी.) और कुमारी एकता डे (3000 मी. स्टेपल चैस) ने एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप दुबई के लिए क्वालिफाई कर लिया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धियों पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और संचालक खेल डॉ. रविकुमार गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।








## राधारमण वार्षिकोत्सव विहान-2024: गली क्रिकेट में आरजीआई बना विजेता

भोपाल, (खेल संवाददाता)। राधारमण समूह के वार्षिकोत्सव विहान-2024 के तहत चल रही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं समाप्त हो गईं। इसके तहत चौथे व पांचवें दिन गली क्रिकेट, वॉलीबाल तथा खो-खो के फाइनल मैच खेले गए। गली क्रिकेट के फाइनल में आरजीआई टीम ने आरआईपीएस को 20 रन से हराया। इसमें राज सिंह ने 14 रन बनाए व गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। खो-खो में महिला वर्ग में साक्षी खड़गे व उनकी टीम विजेता बनीं तो वहीं सायरा खातून व उनकी टीम उप विजेता बनीं। पुरुष वर्ग में यादव सचिन व उनकी टीम विजेता रही तो तुषार खोडले व उनकी टीम रनर अप रही। वॉलीबॉल में आरआईटीएस टीम ने चैंपियनशिप पर कब्जा किया तो वहीं आरजीआई की टीम उप विजेता बनीं। आरआईटीएस टीम का नेतृत्व कप्तान साहिल खान ने किया। इस टीम के अन्य सदस्यों में सोहराब आलम, साहिल अख्तर, इंजमाम, क्षितिज, अभिनव, और शाहिद खान शामिल थे। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने स्पोर्ट्स अधिकारी सतीश शर्मा और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## मप्र राज्य शूटिंग अकादमी की रुबिना ने जीता रजत



भोपाल, ( खेल संवाददाता )। मप्र राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी कुमारी रुबिना फ्रांसिस ने नई दिल्ली में आयोजित शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्डकप में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। बता दें कि रुबिना अकादमी की अंतर्राष्ट्रीय पैरा शूटिंग खिलाड़ी है। रुबिना ने मिक्सड टीम 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। रुबिना की इस उपलिब्ध पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और संचालक खेल डॉ. रविकुमार गुप्ता ने उन्हें बधाई दी है।

**क्रिकेट** / **बीसीसीआई सचिव जय शाह ने आईपीएल और टी-20 वर्ल्डकप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए**

# शमी टी20 वर्ल्डकप से बाहर, पंत के सामने भी शर्त

● मुंबई

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्डकप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए हैं। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत और केएल राहुल के भारतीय लीग से मैदान पर वापसी की बात कही।

साथ ही मोहम्मद शमी के टी-20 वर्ल्डकप से बाहर होने की जानकारी दी। शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश की सूचनाओं को भी खारिज किया। वे सोमवार को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। पंत साल 2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जबकि मोहम्मद शमी की चोट वनडे वर्ल्डकप और केएल राहुल की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उभरी। दोनों एनसीए में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।



बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा, पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं। शाह ने कहा- वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वे अच्छी कीपिंग भी कर रहे हैं। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वे टी20 वर्ल्डकप खेल सकें तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। शाह ने कहा, अगर वह कीपिंग कर सके तो वह वर्ल्डकप खेल सकते हैं। देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज से शमी की वापसी संभव शाह ने बताया कि शमी सितंबर महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 टेस्ट और 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों की होम सीरीज से वापसी कर सकते हैं।

### शमी की होम सीरीज से वापसी की संभावना, लोकेश राहुल की आईपीएल से होगी वापसी

उन्होंने कहा- शमी की सर्जरी हो गई है, वे भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज के लिए शमी की वापसी की संभावना है। राहुल आईपीएल से वापसी कर सकते हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं।



## आईपीएल से पहले गर्लफ्रेंड के साथ इस धांसू क्रिकेटर ने रचाई शादी

दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर ने अपनी गर्लफ्रेंड कैमिला हैरिस के साथ शादी कर ली है। लंबे समय से ये दोनों ही एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। आखिरकार इस कपल ने शादी कर एक होने का फैसला किया। डेविड मिलर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। डेविड मिलर ने रचाई शादी डेविड मिलर ने अपने दोस्त और रिश्तेदारों के बीच बेहद सादगी के साथ अपनी गर्लफ्रेंड को जीवनसाथी बनाया। डेविड मिलर की न्यूई मैरिड वाइफ कैमिला हैरिस ने शादी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में शादी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की है। जिस पर लगातार फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। केपटाउन में शादी का जश्न आईपीएल से पहले दुनिया भर डेविड मिलर ने केपटाउन में शादी रचाई है। केपटाउन में अक्सर कपल वैकेशन बिताने और हनीमून मनाने के लिए जाते हैं। लेकिन मिलर ने वहां शादी कर दोस्तों और रिश्तेदारों को सरप्राइज देने का काम किया। टीम को चैंपियन बनाने में अहम योगदान आईपीएल 2024 में डेविड मिलर गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। साल 2022 में गुजरात टाइटंस आईपीएल का खिताब जीतने में कामयाब रही थी। इस सीजन डेविड मिलर का बल्ला भी खूब चला था। डेविड विलर ने गुजरात के लिए कई मैच विनिंग पारी खेली थी। गुजरात को ट्रॉफी दिलाने में मिलर की भूमिका बेहद अहम रही थी।

# कोई इंजीनियर तो कोई डिजाइनर, क्या करती हैं इन क्रिकेटर्स की पत्नियां







भारत में क्रिकेट सबसे पॉपुलर खेलों में से एक है, तो यहां क्रिकेटर्स किसी पहचान के मोहताज नहीं होते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया के कारण क्रिकेटर्स की पत्नियां भी कम सुर्खियां नहीं बटोरती हैं। चाहें धनश्री वर्मा की बात कर लें या फिर संजना गणेशन की, हर कोई इन दिनों जानता होगा कि यह किसकी पत्नी हैं। लेकिन ज्यादातर लोग उनके काम और उनकी पढ़ाई से जुड़ी कई बातें शायद ना जानते हों। आज हम आपको बताएंगे कुछ स्टार भारतीय क्रिकेटर्स की पत्नियों के बारे में। इस सूची में शामिल सचिन तेंदुलकर से लेकर युजवेंद्र चहल तक सभी की पत्नियां हैं। इनमें से कोई डॉक्टर है, कोई इंजीनियर है तो कोई डिजाइनर है। सभी अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़ी हैं या जुड़ी रह चुकी हैं। कुछ के बारे में आप शायद जानते होंगे या कुछ के बारे में आपको आगे यह खबर पढ़कर जानकारी मिलेगी। आइए अब एक-एक करके ऐसे सभी क्रिकेटर्स की पत्नियों के बारे में जानते हैं।

**सचिन तेंदुलकर**

सबसे पहले बात करते हैं क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की। ज्यादातर लोग शायद उनके बारे में जानते भी होंगे लेकिन जो नहीं जानते उन्हें बता दें कि सचिन ने 24 मई 1995 में अपने से 6 साल बड़ी अंजली मेहता (अब अंजली तेंदुलकर) से शादी की थी। अंजली पेशे से एक डॉक्टर हैं। वह बाल रोह विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। हालांकि एक इंटरव्यू में सचिन ने खुद बताया था कि, बच्चों पर ध्यान देने के लिए और सचिन के व्यस्त रहने के कारण उन्होंने डॉक्टरी से ब्रेक ले लिया था।

**रोहित शर्मा**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह क्रिकेटर की जिंदगी में आने से पहले भी इस खेल से जुड़ी रही हैं। रितिका ने ग्रेजुएशन के बाद स्पोर्ट्स मैनेजर के रूप में अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत की थी। साल 2008 में एक शूटिंग के दौरान उनकी रोहित शर्मा से पहली बार मुलाकात हुई थी। रितिका युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे क्रिकेटर्स को पहले से ही जानती थीं। रोहित और रितिका ने करीब 6 साल तक एक दूसरे को डेट किया फिर 13 दिसंबर 2015 को दोनों ने शादी कर ली थी।

**जसप्रीत बुमराह**

भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 15 मार्च 2021 को मॉडल और स्पोर्ट्स टीवी एंकर संजना गणेशन से शादी की थी। वह एक साफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। संजना की गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं। वह एमटीवी के पॉपुलर रियलिटी शो स्प्लिट्सविला में भी हिस्सा ले चुकी हैं। इंजीनियरिंग के पेशे के बाद उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाए। आज वह एक फेमस स्पोर्ट्स प्रेजेंटर हैं।

**रवींद्र जडेजा**

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा (रीवा सोलंकी) एक पॉलिटीशियन हैं। वह कांग्रेस नेता हरि सिंह सोलंकी की भतीजी भी हैं। इसके अलावा उन्होंने राजकोट के आत्मिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस से मेकेनिकल इंजीनियरिंग से ग्रैजुएशन की डिग्गी भी ली है। 2019 में आधिकारिक रूप से बीजेपी में शामिल होने से पहले, रीवा करणी सेना की महिला विंग की प्रमुख भी रह चुकी थीं।

**सुरेश रैना और प्रियंका चौधरी रैना**

मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सुरेश रैना ने 15 अगस्त 2020 को अपने दोस्त और साथी क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस साल आईपीएल में भी वह नहीं खेले। सुरेश रैना की पत्नी का नाम प्रियंका चौधरी है और दोनों बचपन के दोस्त थे और 2015 में उनकी शादी हुई थी। प्रियंका नीदरलैंड में एक बैंक के लिए आईटी प्रोफेशनल के रूप में काम करती थीं। साथ ही वह एक एनजीओ भी चलाती हैं और रेडियो पर टॉक शो भी कर चुकी हैं।

**एमएस धोनी और साक्षी धोनी**

भारत के सबसे सफल कप्तान रहे एमएस धोनी पर बनी बायोपिक एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी आपने जरूर देखी होगी। इस फिल्म में उनकी पत्नी साक्षी के होटल मैनेजमेंट प्रोफेशन की भी जानकारी आपको मिल गई होगी। उन्होंने कोलकाता में रहकर होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की थी और इसके बाद ताज बंगाल होटल में इंटर्नशिप की जहां उनकी पहली मुलाकात एमएस धोनी से हुई थी। फिलहाल शादी के बाद उनके इस काम से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई।



## टेस्ट इतिहास में सिर्फ अश्विन ही कर पाए ये करिश्मा

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया है। अश्विन ने इस सीरीज के 5 मैचों में कुल 26 विकेट अपने नाम किए। सीरीज जिताने में उन्होंने अहम भूमिका अदा की। पिछले एक दशक में टीम इंडिया ने घर पर दबदबा कायम किया है। भारत ने आखिरी बार घर पर साल 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारी थी। पिछले 12 सालों में घर पर अश्विन टीम इंडिया के लिए सबसे बड़े मैच विनर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मुकाबला था। इस मैच में अश्विन ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

**अश्विन ने बनाया ये रिकॉर्ड**

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच की पहली पारी में चार विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट अपने नाम किए। अश्विन ने साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने तब अपने डेब्यू पर भी पांच विकेट हॉल हासिल किया था। अश्विन 147 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने डेब्यू और 100वें टेस्ट मैच में भी 5 विकेट हॉल हासिल किया है।

**इंग्लैंड के खिलाफ पूरे किए 100 टेस्ट विकेट**

रविचंद्रन अश्विन घर पर इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। वह घर पर इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। इसके अलावा घर पर किसी भी टीम के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले वह पहले बॉलर हैं और ओवरऑल उनका नंबर तीसरा है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 106 विकेट लिए हैं। जबकि जेम्स एंडरसन ने घर पर भारत के खिलाफ 105 विकेट हासिल किए हैं।

**टीम इंडिया को जिताए कई मैच**

रविचंद्रन अश्विन की गिनती दुनिया के महान गेंदबाजों में होती है। अश्विन ने भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत के लिए 100 टेस्ट मैचों में 516 विकेट अपने नाम किए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्होंने अपने 500 विकेट पूरे किए थे। इसके अलावा वह भारत के लिए सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके नाम अब 36 पांच विकेट हॉल दर्ज हैं।

## नंगे होकर ऑस्कर अवॉर्ड मंच पर पहुंचे जॉन सीना, विवादों से रहा है पुराना नाता

ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान अजीब नजारा देखने को मिला। दरअसल, एक्टर और प्रोफेशनल रेसलर जॉन सीना ऑस्कर अवॉर्ड मंच पर नंगे ही पहुंच गए। इसके बाद डॉल्बी थिएटर में दर्शक हैरान रह गए। इस सेरेमनी को होस्ट कर रहे जिम्मी किमेल ने कहा- क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि आज एक



नग्न आदमी मंच पर आ जाए? क्या यह पागलपन नहीं होगा? बहरहाल, इसके बाद जॉन सीना लगातार ट्रोल हो रहे हैं। लेकिन यह कोई पहली दफा नहीं है जब जॉन सीना विवादों से घिरे हैं। जॉन सीना का विवादों से पुराना नाता रहा है। आपको बता दें कि हॉलीवुड स्टार जॉन सीना की पहली शादी की 2009 में बचपन की गर्लफ्रेंड और रियल एस्टेट एजेंट एलिजाबेथ से हुई, लेकिन 2012 में तलाक हो गया। इसके बाद एलिजाबेथ ने जॉन सीना पर धोखा देने का आरोप लगाया। ऐसा कहा जाता है कि जॉन सीना का एडल्ट स्टार केंड्रा लस्ट के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चल रहा था। वहीं, एक बार जॉन सीना ने फास्ट एंड फ्यूरियस फिल्म के प्रचार वीडियो में ताइवान को देश बताया। फिर बाद में सीना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए माफी मांगी।



## क्या आप जानते हैं?

## 12 मार्च का इतिहास

- महात्मा गांधी को यूरोप के बने सामान को खरीदने और ब्रिटिश शासन की मशीनों के साथ काम करने के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के लिए 1922 में अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया था।
- डेनमार्क ने 1926 में एकतरफा निरस्त्रीकरण शुरू किया।
- महात्मा गांधी ने 1930 में साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की।
- जर्मनी ने 1938 में ऑस्ट्रिया पर हमला किया।
- ब्रिटिश सैनिकों ने 1942 में अंडमान द्वीप खाली किया।
- भारत सरकार ने 1954 में साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया।
- सन 1958 में ब्रिटिश साम्राज्य दिवस का नाम 'राष्ट्रमंडल दिवस' किया गया।
- अमेरिका के मजदूर संगठन टीमस्टर संघ के अध्यक्ष जेम्स होफा को 1964 में आठ साल कैद हुई।
- अमेरिका में 1970 में मतदान की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष की गयी।
- सन 1992 में मारिशस गणराज्य घोषित।
- मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
- 1999 में 20वी सदी के सबसे बेहतरीन वायलिन वादक यहूदी मनुहिन का निधन हो गया था।
- सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की 2003 में बेलग्रेड में हत्या।
- ईराक में 2006 में सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई प्रारम्भ।
- जमैका में 2007 में 9वें विश्वकप क्रिकेट का उद्घाटन हुआ।
- विश्व की सबसे लम्बी आयु की समझी जाने वाली महिला वारवा सेमेनिकोवा का 2008 में रूस में 117 वर्ष की आयु में निधन।

## रोहित शर्मा के बयान से टूटा करोड़ों फैंस का दिल



भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट सीरीज को टीम इंडिया ने 4-1 से जीत लिया। इस सीरीज में मिली जीत के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पहले स्थान पर बरकरार है। सीरीज के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद फैंस को लग रहा था कि यह सीरीज काफी रोमांचक होने वाली है, लेकिन टीम इंडिया ने उस मुकाबले के बाद और भी दमदार तरीके से कमबैक किया और सीरीज में एक भी मैच वहां से इंग्लैंड की टीम को जीतने नहीं दिया। इस पूरे सीरीज में इंग्लिश टीम के खिलाफ रोहित शर्मा की कप्तानी काफी शानदार रही। उन्होंने कहा कि अगर किसी दिन मैं जागूं और महसूस करूं कि मैं अच्छा नहीं कर रहा हूं, तो मैं क्रिकेट से दूर हो जाऊंगा। मुझे लगता है कि पिछले 2-3 सालों में मैंने अपने खेल में सुधार किया है।

रोहित शर्मा के इस बयान करोड़ों फैंस के दिल को तोड़ दिया है। रोहित शर्मा ने भारतीय कप्तान के तौर पर 115 मैच खेले हैं। जहां उन्होंने 85 जीत और 26 हार दर्ज की हैं।

## दोबारा बाल उगाने के 5 नेचुरल तरीके, हेयर्स होंगे हेल्दी



हर किसी को बाल झड़ने की समस्या रहती है, हालांकि कुछ हद तक बालों का झड़ना सामान्य और हानिरहित है। तनाव भरी लाइफ और गलत खान-पान की वजह से हमारी लाइफस्टाइल पर काफी प्रभाव पड़ता है। इसी वजह से बाल झड़ना एक आम समस्या हो जाती है, लेकिन लगातर बाल झड़ना भी ठीक नहीं होता है। बाल झड़ने की समस्या से गंजापन देखने को मिलता है। इन सबसे बचने के लिए हम आपके लिए इस लेख में लेकर आए हैं नेचुरल रुप से दोबारा बाल उगाने के ये 5 टिप्स। तो चलिए जानते हैं।

**संतुलित आहार**- बालों का दोबारा उगाने के लिए आहार में विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन जैसे हरी सब्जियां, नट्स, अंडा और मछली जैसे फूड शामिल करें।

**स्कैल्प मसाज**- बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए अपने स्कैल्प की मसाज जरुर करें। आप अपने स्कैल्प की मसाज रोजमैरी ऑयल या नारियल के तेल से कर सकते हैं। यह बालों फोलिकल्स को हेल्दी रखते हैं।

**तनाव से बचे**- बालों का झड़ना सबसे बड़ा कारण तनाव होता है। अगर आप अपने बालों को झड़ने से रोकना चाहते हैं तो तनाव न लें। बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए तनाव से बचे।

**हर्बल उपाय**- बालों को दोबारा नेचुरल तरीके से उगाने के लिए आप एलोवेरा जेल, प्याज का जूस, अदरक का रस बालों में अप्लाई कर सकते हैं। यह बालों की रिग्रोथ करने में मदद करता है और स्कैल्प को भी हेल्दी रखता है।

**करी पत्ते का इस्तेमाल**- एक और लोकप्रिय प्राकृतिक उपाय जो बालों के विकास को बढ़ावा देता है वह है करी पत्ता। शोध के अनुसार, करी पत्ते में बीटा-कैरोटीन और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है। यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है। करी पत्ते में उच्च मात्रा में अमीनो एसिड भी होता है जो बालों के फाइबर को मजबूत करता है। आप घर पर ही करी पत्ते का हेयर मास्क या हेयर ऑयल बना सकते हैं। महत्वपूर्ण परिणाम देखने के लिए इसे सप्ताह में एक या दो बार स्कैल्प पर लगाएं।

# बेहद इंस्पायरिंग कहानी है विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज मैरी कॉम की

मैरी कॉम भारतीय खेल जगत का बड़ा नाम है। विश्व चैंपियनशिप से लेकर ओलंपिक मेडल तक विजेता बनने तक शायद ही ऐसी कोई उपलब्धि होगी, जिसे मैरी कॉम ने हासिल न किया हो। यही वजह है कि मैरी कॉम देश की तमाम महिलाओं को खेल जगत के लिए प्रेरित करती आई हैं। आज हम आपको मैरी कॉम की जिंदगी से जुड़े संघर्षों के बारे में बताएंगे कि कैसे एक साधारण महिला से ओलंपिक विजेता सफर मैरी कॉम के लिए कैसा रहा, आइए जानते हैं-

**मैरी कॉम**

मैरी कॉम का पूरा नाम चंग्नेइजैंग मैरी कॉम मैंगते हैं। खेल की दुनिया में मैरी कॉम का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। उन्होंने अब तक देश के नाम कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए हैं। साल 2012 के ओलंपिक खेलों में मैरी कॉम ने कांस्य पदक जीता, जिसके साथ ही वो देश के लिए ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली महिला बनी।

**विश्व चैंपियनशिप में हासिल किए 6 मेडल**



विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मैरी कॉम की जगह ले पाना बेहद मुश्किल है। साल 2002 में विमेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। तब से हुए आठ संस्करणों में हर बार भारतीय खिलाड़ी पदक जीतकर आए हैं। पहली विश्व चैंपियनशिप के दौरान मैरी कॉम मात्र 18 साल की थी। उस वक्त उन्होंने साफ-सुथरी मुक्केबाजी शैली के 48 किलोग्राम वर्ग में अपनी जगह बनाई। फाइनल में वो तुर्की कि किक बॉक्सर हुलया साहिन से हार गईं। जिस कारण उन्हें रजत पदक से समझौता करना पड़ा। इसी बीच साल 2008 में उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया, इसके बाद करियर के बीच साल 2013 में तीसरे बेटे को जन्म दिया। अब तक मैरी कॉम ने कुल 8 विश्व चैंपियनशिप पदक अपने नाम किया। जो कि किसी भी पुरुष या महिला मुक्केबाज द्वारा जीते गए पदकों में सबसे ज्यादा है। साल 2012 के लंदन ओलंपिक में एमसी मैरी कॉम ने एमेच्योर मुक्केबाजी में इतिहास रच दिया। कई मुश्किलों को पार करते हुए आखिरकार महिला बॉक्सिंग ओलंपिक में मैरी कॉम ने कांस्य पदक जीता। ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के अलावा एशियाई खेलों में भी मैरी कॉम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। जहां उन्होंने 5 स्वर्ण 1 रजत पदक अपने नाम किए।

# मोदी ने किया 85 करोड़ से अधिक का रेल विकास का लोकार्पण गाजीपुर में देखा गया सजीव प्रसारण




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय रेल के 85 करोड़ रुपए से अधिक के आधुनिकीकरण विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास तथा 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद गुजरात से रवाना किया। जिसका सजीव प्रसारण गाजीपुर सिटी स्टेशन पर किया गया। जिसमें "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" के तहत स्टॉल का उद्घाटन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित राज्यसभा सांसद डाक्टर संगीता बलवंत ने संबोधित करते कहा कि भारत का परम् सौभाग्य है की अटल बिहारी बाजपेई जी के बाद देश को नरेंद्र मोदी जी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला है। जो विकासशील भारत को विकसित भारत बना रहे है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 का काल खंड भारत का स्वर्णिम काल खंड है। जिसमें प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुआ है। जब प्रधानमंत्री जी हैट्रिक लगायेंगे तो देश पांचवी से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि गाजीपुर में विकास का पहिया फिर से घूमे इसके लिए 2024 में फिर गाजीपुर लोकसभा में कमल खिलाइए और मोदी जी के हाथों को मजबूत करिए। भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा कि आज देश सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बड़े बदलाव की ओर तेजी से बढ़ रहा है। चाहे वह रेल, सड़क, वायु या जल मार्ग हो। सबके इंस्फ्रास्ट्रकचर में ऐतिहासिक बदलाव हो रहे है। आज प्रधानमंत्री जी ने लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" का शुभारंभ कर हमारें श्रमिक भाईयो के नए अवसर पैदा किए है। आज देश को 10 नए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी समर्पित किया है। उन्होंने विशेष जोर देते कहा कि गाजीपुर से भी लखनऊ और दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो। इसके लिए आगामी लोकसभा चुनाव में गाजीपुर में भी कमल खिलाइए। लोकसभा संयोजक कृष्णबिहारी राय ने पूर्व रेल राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद रहें मनोज सिन्हा का जिक्र करते हुए कहा कि गाजीपुर में बिना किसी मांग के स्टेशनों का कायाकल्प, रेलवे के डेमू और मेमू शेड जैसे बड़े कारखाने, ट्रेनिंग सेंटर, बड़े महानगरों के लिए ट्रेनों का संचालन जैसें अनेकों विकास के कार्य हुए है। ऐसे ही विकास कार्य पुनः हो इसके लिए आप सब फिर से गाजीपुर में कमल खिलाइए। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व आज के कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और अपूर्व स्वर्णकार ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह तथा अपने स्वागत संबोधन से किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, सोमारू चौहान, रासबिहारी राय, जिला सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गुप्ता, अभिनव सिंह, निखिल राय, शशांक राय, गर्वजीत सिंह, शनि चौरसिया, शिवम त्रिपाठी, संदीप राय, गिरधारी जायसवाल, सतीश राय, विशाल चौरसिया, अतुल सिंह, हिमांशु राय सहित अनेकों लोग उपस्थित रहें।

## विशाल बने प्रकृति अनाथ आश्रम उप्र युवा प्रकोष्ठ के महासचिव

कसया, कुशीनगर। प्रकृति अनाथ आश्रम के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 108 श्री आचार्य गोविंद दास जी महाराज के निर्देश पर आश्रम के राष्ट्रीय प्रबन्धक मनोज कुमार दास ने विशाल कुशवाहा को आश्रम संगठन के उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का महासचिव मनोनीत किया है। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नम्बर 15 वीर सावरकर नगर (सबया) निवासी विशाल कुशवाहा पुत्र रामायन कुशवाहा के मनोनयन की जानकारी देते हुए श्री दास ने विश्वास व्यक्त किया है कि आप आश्रम की कल्याणकारी नीतियों, सुखी सम्पन्न राष्ट्र व समाज निर्माण में पूरी निष्ठा से योगदान देंगे। विशाल के मनोनयन पर श्रीश्री 108 श्रीमहंत बलराम दास जी महाराज अयोध्या हनुमानगढ़ी, श्रीश्री 108 श्रीमहंत बृजमोहन दास जी महाराज, साध्वी देव ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि सलेमपुर जगन्नाथ कुशवाहा, नागेंद्र कुशवाहा मंडल उपाध्यक्ष, प्रिया सिंह जिला उपाध्यक्ष देवरिया, एडवोकेट पंकज सिंह और पूजा सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रियंका द्विवेदी, जयप्रकाश सिंह, राजू सिंह, बृजेश पाठक ने बधाई दी है।

# विद्यापीठ के कुलपति ने दिव्यांगजनों को दिया विश्वविद्यालय में निर्मित जैकट

### टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग ने बनाया खादी का जैकट, अब काशी विद्यापीठ करेगा आवश्यक कपड़ों एवं वस्त्रों का निर्माण



वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की नीव स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने रखी थी, जिसका उद्देश्य स्वदेशी विचार एवं स्वदेशी आवरण के निर्माण के कार्य में भारत अग्रणी रूप से विश्व का नेतृत्व करे। इसी नेतृत्व की कड़ी में काशी विद्यापीठ के टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग ने अपनी पहल की। इस उद्देश्य को तीव्र गति प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने अमली जामा पहनाने का कार्य किया। महामहिम के निदेर्शानुसार टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग ने ज्ञानचंद मंदित बाल विद्यालय के बच्चों के लिए खादी का जैकेट तैयार किया, जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने बच्चों को धारण करवाया। महात्मा गांधी के सशक्त भारत के सपनों को जीवन्त रूप देने को काशी विद्यापीठ ने एक कदम आगे बढ़ा दिया है। टेक्सटाइल्स एवं हैंडलूम टेक्नोलॉजी और फैशन डिजाइनिंग विभाग अब विद्यापीठ के स्वदेशी विचारों से ओत-प्रोत विश्वविद्यालय के आवश्यक कपड़ों एवं वस्त्रों का निर्माण भी करेगा। इस दौरान कुलपति ने ज्ञानचंद मुरब्बावाला मंदित बाल विद्यालय एवं टेक्सटाइल और फैशन डाइजिंग विभागों का निरीक्षण व परीक्षण भी किया। साथ ही उन्होंने सूत बनाने से लेकर कपड़ों के निर्माण की बारिक जानकारी भी लिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, प्रो. संजय, डॉ. अनिता सिंह, डॉ. संदीप गिरि आदि उपस्थित रहे।

# पति संग जा रही पत्नी की ट्रक से कुचलने से हुई दर्दनाक मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र पिण्डरा बाजार स्थित पावर हाउस के पास मंगलवार को सुबह 11 बजे बाइक से भतीजी संग बिजली बिल जमा करने जा रहे दम्पति ट्रक के धक्के से सड़क पर गिर पड़े। जिसमें पत्नी की ट्रक से कुचलने से मौत हो गई वही उसका पति और भतीजी दूर छिटककर गिरने से बाल बाल बच गये। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी बताते हैं कि पिण्डरा बाजार निवासी दिनेश चौरसिया 38 वर अपनी पत्नी वंदना 35 वर्ष और 5 वर्षीय भतीजी को साथ लेकर बाइक से पावर हाउस पर बिजली का बिल जमा करने जा रहा था कि तभी जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रही ट्रक अपने दाहिने तरफ जाकर उसे धक्का मार दी। जिससे पति और भतीजी तो दूर गिरे लेकिन वंदना ट्रक के पहिये के नीचे आ गई। जिससे सिर कुचलने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका को एक 5 वर्षीय पुत्र देव है। मौके पर पहुँचे इंस्पेक्टर संजय मिश्रा ने भाई की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर ट्रक के तलाश में जुट गई।



# आज देश का नौजवान, किसान व संविधान खतरे में है : अफजाल अंसारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मनिहारी विकास खण्ड के चौकड़ी गांव में सपा बूथ एवं सेक्टर अध्यक्षों की बैठक में बोलते हुए सपा प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेश व देश की सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किसानों की आय दोगुनी करने व नौजवानों को नौकरी का झांसा देकर सत्ता में आई और नौकरी देने की बात आई तो हिंदू मुसलमान और भारत पाकिस्तान में उलझाकर जो नौकरी भी थी उसे सत्ता में आने के बाद खत्म कर रही है।आज देश का नौजवान, किसान व संविधान खतरे में है।सौ दिन में महंगाई खत्म करने की बात करने वाले मोदी योगी की सरकार में कमरतोड़ महंगाई हैं। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले देश भक्तों का खून मेरे अंदर है। गरीबों छात्रों,किसानों नौजवानों के सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष करता रहूंगा। इनके हक हुकूक के लिए जालिमों के सामने न झुका हूं न झुकूंगा। पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने कहा कि युवा आगामी लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से भाजपा की कमर तोड़कर देश व संविधान की रक्षा करें।सपा जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा नौजवानों व किसानों से डरी हुई है और संविधान को कुचलने में लगी है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव संविधान बचाने वालों और संविधान को कुचलने वालों के बीच है।इस बैठक में मुहम्मदाबाद के विधायक सुहेल उर्फ मन्नू अंसारी,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,अवधेश यादव राजू, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश यादव,लल्लन राम, प्रधान ओमकार यादव,देवनाथ कुशवाहा,मनोज यादव,केदार राजभर, हरिगेन राम,उदय प्रताप यादव ब्लाक अध्यक्ष नन्दलाल यादव आदि उपस्थित रहे अध्यक्षता चन्द्रिका सिंह यादव एवं संचालन रामनगीना यादव व मनोज यादव ने किया।



# स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने से ही रोजगार का अधिकतम सृजन होगा : कृपाशंकर सिंह

**एक स्टेशन एक उत्पाद' के स्टाल के शुभारंभ में बोले बीजेपी जौनपुर लोकसभा प्रत्याशी**

प्रखर जौनपुर। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने से ही रोजगार का अधिकतम सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर हाथ को रोजगार का स्वप्न तभी साकार रूप लेगा। यह बातें पूर्व गृहराज्य मंत्री और जौनपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने मंगलवार को कही। वह यहां जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' के तहत स्थापित स्टाल के शुभारंभ समारोह में बोल रहे थे। इस स्टाल पर जौनपुर जनपद में हो रहे अचार मसाला व अन्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन कर रहे उद्भव इंटरप्राइजेज ने अपने प्रोडक्ट को प्रदर्शित किया है। श्री सिंह ने स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा यह कदम देश को दूरगामी परिणाम देगा। रेल प्रशासन द्वारा स्थानीय स्वदेशी उत्पादकों को बाजार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से यह योजना शुरू की गई है। उत्तर रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों



लोकल उत्पादों की बिक्री हेतु आउटलेट, स्टॉल, क्योस्क का आवंटन संबंधित रेलवे स्टेशन पर किया गया है । 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत प्रत्येक स्टॉल पर संबंधित स्टेशन के लोकल उत्पाद जैसे हस्तशिल्प कलाकृतियां, निर्माण व कपड़ा संबंधित उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट व खाद्य उत्पाद इन स्टॉल्स पर उपलब्ध कराए गए है। भाजपा नेता व लोकसभा प्रत्याशी श्री सिंह ने उद्घाटन स्थल से ही रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को फोन द्वारा एक स्टेशन एक उत्पाद योजना को सराहनीय बताते हुए आज चली लखनऊ पटना बन्देभारत ट्रेन के जौनपुर स्टापेज करने की मांग की । जिसके संदर्भ में रेलमंत्री द्वारा अतिशीघ्र उक्त मांग को पूरा करने के साथ ही मऊ से लोकमान्य तिलक को चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को प्रतिदिन जल्द ही संचालित करने का आश्वासन दिया गया ।इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह उद्भव इंटरप्राइजेज के संचालक आशीष श्रीवास्तव आरक्षण प्रभारी अनुराग तिवारी रवि तिवारी, राहुल यादव स्टेशन अधीक्षक वी के सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# भाजपा माले कार्यकर्ताओं ने दिया एक दिवसीय धरना, राष्ट्रपति को भेजा 3 सूत्री मांग पत्र



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश व्यापी आह्वान के तहत भाकपा माले कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू के नाम तीन सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष कामरेड सरजू पाण्डेय पार्क में एक दिवसीय धरना एवं सभा के माध्यम से नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा ने कहा कि दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित मस्जिद में 8 मार्च को जुमे की नमाज के लिए कुछ नमाजियों को जब मस्जिद के अंदर जगह नहीं मिली, तो वे बाहर सड़क पर दरी बिछाकर नमाज पढ़ने लगे। इसपर दिल्ली पुलिस ने नमाज पढ़ते नमाजियों को किक किया, उन्हें लात मारी और भगाने की कार्रवाई की। पुलिस का यह अपमानजनक, शर्मनाक, नफरती व हिंसक कृत्य है, जिसने देश का सिर नीचा किया है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में मजदूर परिवार की दो बहनों के साथ गैंगरेप हुआ जिससे दोनों ने गत 28 फरवरी 2024 को फांसी लगा कर जान दे दी या उन्हें मार कर पेंड़ पर टांग दिया गया, फिर पिता ने भी आत्महत्या कर ली। हमीरपुर जिले का यह परिवार आजीविका की तलाश में कानपुर के घाटमपुर में आकर ईंट-भट्ठा पर मजदूरी करता था। परिवार की दो फुफेरी बहनों उम्र 16 व 14 वर्ष के साथ भट्ठा संचालक के परिवार के दो व्यक्तियों ने गैंगरेप कर फिल्म बनाई और ब्लैकमेल करने लगे। दोनों बहनों की मौत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। भट्ठा ठेकेदार ने लड़की के पिता पर समझौते के लिए दबाव बनाना, धमकाना शुरू किया। अन्ततः लड़की के पिता ने भी हमीरपुर में 6 मार्च 2024 को आत्महत्या कर ली। इस तरह एक मजदूर परिवार तबाह हो गया। यह उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी विफलता है। राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद स्टेट बैंक ने दी हुई तारीख तक इलेक्टोरल बांड का विवरण चुनाव आयोग को नहीं दिया। इससे इस अंदेशे को बल मिलता है कि भाजपा के फायदे के लिए सरकार के इशारे पर स्टेट बैंक चुनावी चंदा देने वालों की जानकारी लोकसभा चुनाव से पहले देशवासियों को नहीं देना चाहता है। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश, पारदर्शिता व जनता के सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। श्री कुशवाहा ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आहूत विशाल किसान महापंचायत में जिले से सैकड़ों किसान भाग लेंगे। सभा को प्रमुख रूप से योगेन्द्र भारती, मोती प्रधान, राजेश बनवासी, सतेन्द्र प्रजापति, शकून्तला देवी, आदि लोगों ने सम्बोधित किया। सभा की अध्यक्षता व संचालन योगेन्द्र भारती ने किया।

## रमजान माह व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत डीएम तथा एसपी ने किया रूट मार्च



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नागरिकता संशोधन कानून व माहे रमजान तथा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह गाजीपुर द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र में पैदल रूट मार्च, एरिया डोमिनेशन किया गया। गस्त के दौरान महोदय द्वारा शहर के आम जनमानस से संवाद किया गया जिसमे लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के सकारात्मक पक्ष से अवगत कराते हुए उक्त परिप्रेक्ष्य में किसी भी तरह के अफवाहों का प्रचार प्रसार न करने व सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। यह रूट मार्च पुलिस चौकी विशेश्वरगंज से शुरू होकर खोवामंडी, रजदेपुर, टाउनहॉल, चीतनाथ, नखास, खुदाईपूरा, एमएएच इंटर कॉलेज के रास्ते कोतवाली पहुँचकर समाप्त हुआ। दौरान रुट मार्च अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उपजिलाधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय फोर्स व केंद्रीय बल सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।


## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल बस- पिकअप की टक्कर में आधा दर्जन घायल



प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर मुरखा नहर पुलिया के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार पिकप ने स्कूल बस को टक्कर मार दी जिससे सगे भाई बहन समेत चार छात्र छात्राएं घायल हो गए। सूचना पर तत्काल पहुंचे विद्यालय के प्रबन्धक ने सभी का इलाज निजी चिकित्सालय में कराया । भारतीय इंटर मीडिएट कॉलेज बजरंगनगर की बस 25 बच्चों को लेकर विद्यालय आ रही थी। बस मोरखा नहर पुलिया के पास पहुंची ही थी कि आजमगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में खुज्झी की तरफ आरही बस को टक्कर मारते हुए पलट गई। बस में टक्कर लगते ही चीख पुकार मच गई। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े सभी बच्चों को बाहर निकाला। चार बच्चे कक्षा 6 की प्रियांशु, प्रिया यादव व अंश व कक्षा 4 की रोशनी चौहान का हाथ फैक्कर हो गया।पिकप का चालक चंदौली जनपद के शहाबगंज के नरसिंहपुर कला निवासी नरेंद्र भी घायल हो गया।सूचना पर तत्काल पहुंचे विद्यालय के प्रबन्धक अरविंद सिंह ने सभी का इलाज निजी अस्पताल में कराया। घटना की सूचना पर बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। बस के चालक कैलाश पाल को चोटें आईं। घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच कर राहत बचाव में लगी रही।

### वाराणसी सिटी स्टेशन के पास आधी रात को अचानक धूं- धूंकर जलने लगी बस व मैजिक



प्रखर वाराणसी। जिले के सिटी स्टेशन के पास उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब वहां बस और मैजिक वाहन में आग लग गई। बीच सड़क पर अचानक वाहन धूं-धूंकर जलने लगे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।जिसके बाद दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। पुलिस के अनुसार फिलहाल जनहानि की कोई सूचना नहीं है और प्रथम दृष्टया यह समझ में आया है कि बिजली का तार टूट कर बस पर गिरने से आग लगी है।

### जलालपुर में ट्रक -बस की भिड़ंत एक की मौत दो दर्जन घायल, सोनभद्र से अयोध्या जा रही थी बस



प्रखर जलालपुर जौनपुर। मंगलवार की भोर में सोनभद्र के विधमगंज से अयोध्या जा रही बस जलालपुर के पास इंडस्ट्रियल एस्टेट रेहटी हाईवे पर सुबह करीब 5:00 बजे सामने से आ रही ट्रक में टकरा गई। जिसके बाद अफरा तफरी व चीख मच गई। बस में बैठे दर्जनों दर्शनार्थियों को चोटें आई। वहीं मेदनीखाड नामक एक युवक की मौत की सूचना है। वहीं बगल से गुजर रही दूसरी बस ने सभी घायलों को आनन-फानन में एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। घायलों में आधा दर्जन के आसपास लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### जमीनी विवाद में अधेड़ पर युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग, हालत गंभीर

प्रखर चंदौली। पीडीडीयू नगर के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डांडी में मंगलवार को दो पक्षों में बहस शुरू हुई। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष के अधेड़ पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। जिसमें 54 वर्षीय विजय गुप्ता घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जबकि घायल को उपचार के लिए निजी चिकत्सालय में भर्ती कराया। डांडी के रहने वाले विजय गुप्ता का उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति से कई दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार को विजय गुप्ता छत की ढलाई के बाद अपना ट्रैक्टर निकाल रहे थे, तभी किसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिसमें विजय गुप्ता झुलस गए। मुगलसराय इंस्पेक्टर विजय बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं